

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

ओटीटी फिल्म ऐ वतन मेरे...8



हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 19 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 299 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## पीएम मोदी बोले- भारत का समुद्री इतिहास हमारा धरोहर है जिसे भुला दिया गया, शिवाजी महाराज का भी जिया जिक्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर गर्व करने का विषय है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे दक्षिण में चोल साम्राज्य, चेर राजवंश, पांड्य राजवंश भी हुए जिन्होंने समुद्री संसाधनों की शक्ति को समझा और उसे अभूतपूर्व ऊंचाई दी। भारत का समुद्री इतिहास हमारा धरोहर है, जिसे भुला दिया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारे इतिहास की अनेक गाथाओं को भुला दिया गया है, उन्हें सुरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के रास्ते नहीं खोजे गए। इतिहास की उन घटनाओं से हम कितना कुछ सीख सकते थे। भारत की समुंद्री विरासत भी एक ऐसा ही विषय है, जिनके बारे में बहुत कम चर्चा की गई। मोदी ने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भी एक सशक्त नौसेना का गठन किया और विदेशी आक्रांताओं को चुनौती दी। ये सब कुछ भारत के इतिहास का ऐसा गौरवपूर्ण अध्याय है, जिसे नजरअंदाज ही कर



दिया गया। उन्होंने कहा कि सदियों पहले के भारत का व्यापार–कारोबार दुनिया के एक बड़े हिस्से में छाया हुआ था। हमारे रिश्ते दुनिया की हर सभ्यता के साथ रहे, तो इसके पीछे भारत की समुद्री शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों वर्ष पहले कच्छ में बड़े बड़े समुद्री जहाजों के निर्माण का पूरा उद्योग चला करता था। भारत में बने पानी के बड़े बड़े जहाज दुनियाभर में बेचे जाते थे विरासत के प्रति इस उदासीनता ने देश का बहुत बड़ा नुकसान किया। ये स्थिति बदली जानी जरूरी है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लोथल सिर्फ सिंधु घाटी मान्यता का एक बड़ा व्यापारी केंद्र नहीं था, बल्कि ये भारत के समुद्री सामर्थ्य और समृद्धि का भी प्रतीक था। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पहले जिस लोथल को जिस तरीके से एक पोर्ट सिटी के रूप में विकसित किया गया था, वो आज भी बड़े–बड़े जानकारों को हैरान कर देता है। मोदी ने कहा कि लोथल में ये जो हेरिटेज कॉम्प्लेक्स बन रहा है, उसको ऐसे बनाया जा रहा है कि भारत का सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी इस इतिहास को आसानी से जान सके, समझ सके। इसमें अति आधुनिक तकनीक का प्रयोग करके, बिल्कुल उसी युग को फिर से सजीव करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हजारों वर्ष पहले का वही वैभव, वही सामर्थ्य इस धरती पर फिर जागृत किया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि ये दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का बहुत बड़ा केंद्र बनेगा।

## केदारनाथ में तीर्थयात्रियों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, छह श्रद्धालुओं समेत सात की मौत

उत्तराखंड के केदारनाथ में गरूड़चट्टी में मंगलवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत सात लोगों की मृत्यु हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के



आदेश दे दिए गए हैं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने बताया कि करीब पौने बारह बजे हुई दुर्घटना में मरने वालों में पायलट भी शामिल है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के शिकार श्रद्धालु रूद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर के दर्शन कर वापस आ रहे थे कि तभी केदारनाथ से दो किलोमीटर आगे रास्ते में उनके हेलीकॉप्टर में आग लग गयी। कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है लेकिन दुर्घटना संभवतरू कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते किसी चीज से टकराने से हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिवादन बल के साथ ही पुलिस और जिला प्रशासन के दल भी बचाव कार्य के लिए घटनास्थलपर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि हादसे के शिकार श्रद्धालुओं की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पायलट की पहचान मुंबई के कैप्टन अनिल के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है तथा घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। उत्तराखंड नागरिक उडडयन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव सी रविशंकर ने बताया कि हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उनका मंत्रालय स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, ''केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हम नुकसान की भयावहता का पता लगाने के लिए राज्य सरकार के संपर्क में हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।'' नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना में शामिल हेलीकॉप्टर 'आर्यन एविएशन' द्वारा संचालित किया जा रहा था। नागर विमानन महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक सूचना के मुताबिक बेल 407 हेलीकॉप्टर वीटी–आरपीएन केदारनाथ से लौट रहा था और संभवतरू खराब मौसम की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

## किसानों के लिए अच्छी खबर, मोदी सरकार ने बढ़ाया 6 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने घोषणा की कि विपणन सीजन 2023–24 के लिए कैबिनेट ने सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (डैच) वृद्धि को मंजूरी दे दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मंत्रिमंडल



बैठक में 2022–23 के रबी के 6 फसल के एमएसपी निर्धारित किए हैं..गेहूं में 110 रुपए की वृद्धि की गई है,जौ में 100 रु.की वृद्धि, चना में 105 रुपए की वृद्धि, मसूर में 500 रु.वृद्धि, सरसों में 400 रु.की वृद्धि, कुसुम में 209 रुपए की वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीईए) की बैठक में एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) बढ़ाने का निर्णय लिया गया। एमएसपी वह दर है जिस पर सरकार किसानों से अनाज खरीदती है। वर्तमान में, सरकार खरीफ और रबी दोनों मौसमों में उगाई जाने वाली 23 फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। रबी (सर्दियों) फसलों की बुवाई खरीफ (गर्मी) फसलों की कटाई के तुरंत बाद अक्टूबर में शुरू होती है। गेहूं और सरसों रबी की प्रमुख फसलें हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमारे किसानों ने कोविड के दौरान भी कोई कसर नहीं छोड़ी। 2014 की तुलना में सरकारी खरीद दोगुने से भी ज्यादा है। हमने अधिक खरीद की और किसानों की आय अधिक थी। इस सरकार ने यह सब किया है। उत्पादन बढ़ा, एमएसपी बढ़ा लेकिन वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति नियंत्रण में रही। अगर बाकी दुनिया से इसकी तुलना करें तो उन देशों में महंगाई ज्यादा है जहां 30–40 साल तक महंगाई नहीं थी। उनकी तुलना में भारत बहुत अच्छा कर रहा है। दुनिया ने इसे माना है।

## दिल्ली को अगले दो महीने में 100 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन मिलेंगे : मुख्यमंत्री केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को अगले दो महीने में 100 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन मिलेंगे।



केजरीवाल ने मंगलवार को ऐसे 11 चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया और कहा कि इन चार्जिंग स्टेशनों पर बैटरी बदलने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा, ''इससे पहले बैटरी बदलने के केंद्र और चार्जिंग स्टेशन अलग–अलग होते थे। लेकिन अब ये सुविधा एक ही जगह उपलब्ध होगी। इन 11 स्टेशनों पर चार्जिंग के 73 प्वाइंट हैं। अगले दो महीने में दिल्ली को ऐसे 100 चार्जिंग स्टेशन मिलेंगे।'' महत्वाकांक्षी दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति को अगस्त 2020 में लाया गया था। इसका लक्ष्य 2024 तक कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी में 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करना है। दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग के उपाध्यक्ष जैसमीन शाह को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा, ''कैबिनेट ने उनकी नियुक्ति की है और सिर्फ कैबिनेट ही उनसे सवाल पूछ सकता है।'' सूत्रों ने बताया कि दिल्ली सरकार के योजना विभाग ने शाह को आम आदमी पार्टी (आप) के ''आधिकारिक प्रवक्ता'' के तौर पर काम करते हुए ''सरकारी पद का दुरुपयोग'' करने के आरोप में सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। भाजपा नेता एवं पश्चिमी दिल्ली के सांसद परवेश वर्मा की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई। आप ने इस नोटिस को ''गुजरात में पार्टी के बढ़ते ग्राफ के चलते दिल्ली सरकार पर इसे एक और हमला करार दिया है।

## केंद्र की नीतियों पर भूपेश बघेल ने साधा निशाना, कहा– नोटबंदी और जीएसटी की वजह से बढ़ी महंगाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि




भाजपा तो आरक्षण भी खत्म कर रही है। आरक्षण न देना पड़े इसके लिए जितने भी सार्वजनिक उपक्रम हैं उनको बेच रहे हैं। आरक्षण का लाभ अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को न मिले इसके लिए वो ये सब खत्म कर रहे हैं। पिछले 5 सालों में नोटबंदी और जीएसटी का खामियाजा पूरा देश भुगत रहा है। बेरोजगारी, महंगाई दोनों बढ़ी हैं। देश और दुनिया में जो अभी स्थिति है उससे उभरने के लिए एक मात्र रास्ता महात्मा गांधी का रास्ता है। हम छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के रास्ते पर चल रहे हैं। गुजरात के प्रमुख गोपाल इटालिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने भीआप नेता द्वारा की गई टिप्पणियां की निंदा की है। यह कहते हुए कि इटालिया ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में जातिवादी टिप्पणी की, जिनका राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है, बघेल ने कहा कि भाजपा के अलावा, अब कांग्रेस भी गुजरात चुनाव में आप को कड़ी टक्कर देगी। भूपेश बघेल ने आगे यह दावा करते हुए कि आप कांग्रेस को हराने के लिए हर राज्य में जा रही है, भगेल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी नहीं बल्कि श्खास आदमी पार्टी है।

## रूसी युद्धक विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त, 13 लोगों की मौत



मॉस्को। रूस का एक युद्धक विमान इंजन में खराबी के कारण येस्क शहर में एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। इनमें से तीन लोगों की मौत एक इमारत से कूदने की वजह से हुई है। विमान के गिरने से नौ मंजिला इमारत में आग लग गई थी, जिससे बचने के लिए तीनों इमारत की ऊपरी मंजिल से कूद गए थे। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रशिक्षण अभियान के दौरान उड़ान भरते समय युद्धक विमान एसयू–34 के एक इंजन में आग लग गई और वह बंदरगाह शहर येस्क में गिर गया। विमान में सवार चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित उससे बाहर आ गए, लेकिन विमान आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और टक्कर के बाद लगी आग विमान में भरे ईंधन की वजह से तेजी से भड़की।

## मनीष सिसोदिया की तुलना भगत सिंह से करना घटिया राजनीतिक हरकतः कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के आरोपियों की तुलना शहीद भगत से किया जाना बहुत ही घटिया राजनीतिक हरकत है और इस बयान को उन्हें वापस लेना चाहिए। पार्टी नेता संदीप दीक्षित ने यह भी कहा कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 'ऑपरेशन लोटस' को लेकर जो आरोप लगाए हैं उसका उन्हें सबूत देना चाहिए और जांच पूरी होने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भी वीडियो रिकॉर्डिंग सामने लाना चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सिसोदिया की तुलना भगत सिंह से की थी पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने संवाददाताओं से कहा, ''यह बेहद शर्मनाक है कि आम आदमी पार्टी के मंत्री शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपियों की तुलना महान शहीद भगत सिंह से की जा रही है। इससे ज्यादा घटिया राजनीतिक हरकत शायद ही कभी देखने को मिली होगी। इसकी हम घोर निंदा करते हैं।'' उनका कहना था, ''हम अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी से कहना चाहते हैं कि आपने राजनीति में हर तरह के निचले हथकंडे अपनाए हैं, लेकिन जिस स्तर पर आप आज पहुंचे हैं और शहीद भगत सिंह का नाम भ्रष्टाचारियों के साथ लिया है, यह बहुत ही घटिया हरकत है। इस कथन को वापस लेना चाहिए।'' उन्होंने दावा किया, ''जो मुख्यमंत्री बार–बार कहता था कि किसी चीज का निजीकरण अपने में ही भ्रष्टाचार का प्रतीक है, उसने शराब से जुड़ा यह पूरा सेक्टर ही सरकार से हटाकर निजी क्षेत्र को सौंप दिया।'' दीक्षित ने कहा, ''शराब नीति को उस वक्त बदला गया जब पंजाब और उत्तराखंड के चुनाव नजदीक थे। अगर यह नीति जनहित में थी तो इसे वापस क्यों लिया? वापस लेने का मतलब यह है कि यह नीति गलत थी।''

## हिंदी थोपने को लेकर हंगामा तेज! एमके स्टालिन ने विधानसभा में पेश किया प्रस्ताव, बीजेपी विधायकों ने किया वश्वकआउट

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य विधानसभा में हिंदी थोपने के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया। सीएम स्टालिन




ने इस दौरान कहा कि यह सदन सरकार से आग्रह करता है कि वह अपने अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रपति को सौंपी गई राजभाषा पर संसदीय समिति की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को लागू न करे, जो तमिल सहित राज्य की भाषाओं के खिलाफ हैं और उन भाषाओं को बोलने वाले लोगों के हित के खिलाफ भी हैं। तमिलनाडु विधानसभा में हिंदी थोपने के खिलाफ प्रस्ताव पारित होने के बाद राज्य के भाजपा विधायकों ने विधानसभा से वॉकआउट कर लिया। तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत और राज्य के थूथुकुडी में 2018 की पुलिस गोलीबारी के आसपास की परिस्थितियों को देखने वाले अलग–अलग जांच आयोगों की रिपोर्ट पेश की। 2016 में जयललिता की मौत की परिस्थितियों की जांच करने वाले जस्टिस ए अरुमुघस्वामी आयोग ने अपनी समापन टिप्पणी में कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री की विश्वासपात्र वी के शशिकला को षलती ढूंढनी होगी और जांच का आदेश दिया जाना है।ष पैनल ने शशिकला के साथ अन्य का भी नाम लिया है।

## सीबीआई –ईडी का दुरूपयोग करके भाजपा मुझे यहां आने से रोकना चाहती हैः सिसोदिया

दिल्ली में कथित तौर पर शराब घोटाले को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से सोमवार को सीबीआई ने 9 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद मनीष सिसोदिया जबरदस्त तरीके से भाजपा पर हमलावर है। आज मनीष सिसोदिया गुजरात दौरे पर पहुंचे हैं। गुजरात में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग करके उन्हें गुजरात जाने से रोकना चाहती है। इसके साथ ही सिसोदिया ने दावा किया कि गुजरात के लोग मन बना चुके हैं और यहां परिवर्तन होकर रहेगा। सिसोदिया ने कहा कि गुजरात के लोगों में उम्मीद जागी है कि दिल्ली के स्कूल अच्छे हो सकते हैं तो गुजरात के भी हो सकते हैं। सिसोदिया ने आगे कहा कि गुजरात में लोग कह रहे हैं, जिस तरह से दिल्ली में स्कूल ठीक हुए, गुजरात में भी होने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि कल सीबीआई मुख्यालय पहुँचा तो मुझसे कहा गया कि किस चक्कर में पड़े हो, थ्प् तो लंबी चलेगी। आप श्आपश छोड़ दो। मैं तो जेल जाने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि अब गुजरात के लोगों ने ठान लिया है कि वो शानदार स्कूल बनवा कर रहेंगे। वो ऐसी पार्टी को चुनेंगे जो स्कूल बनाती है।





# टैबलेट व स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र–छात्राओं के चेहरे

## –भाजपा सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर संजीदाः रामचन्द्र यादव

रुदौली–अयोध्या । उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर संजीदा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहे हैं। टेबलेट और स्मार्टफोन मिलने से छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आ रहा है।यह बातें . भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने स्मार्टफोन वितरण करते हुए कहा।..मां कामाख्या भवानी देवपती कृपाशंकर शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान हर्षवर्धन नगर गनेशपुर रुदौली में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। विद्यालय के प्रबंधक डॉ कृपाशंकर मिश्र व प्राचार्य डॉ राजेश कुमार मिश्र ने मुख्य अतिथि भाजपा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने बताया कि छात्रों को टैबलेट स्मार्टफोन मिल जाने से शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी और देश विदेश की जानकारी भी रख सकेंगे। इसके साथ ही अपनी शिक्षा से संबंधित हर एक जानकारी उनके टैबलेट,स्मार्टफोन पर होगी जिससे वह शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति कर सकेंगे। साथ ही कहा की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह पहल एक अपने आप में अनूठी पहल है जिससे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाएंगे। कहा कि इसको देखकर अशिक्षित बच्चे शिक्षा की ओर अग्रसर होंगे और शिक्षा के क्षेत्र में हर युवा पढ़ेगा।कार्यक्रम का संचालन कर रहे।निदेशक डॉ अनिल कुमार पांडेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर भाजपा नेता शिव कुमार पाठक,तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,प्रवेश पांडेय,मयंक पाठक,राकेश तिवारी,दिनेश मिश्र,गिरीश कुमार मिश्र,हरीश कुमार मिश्र,रोहित कुमार मिश्र,राजेंद्र प्रसाद पांडेय,बब्बन शुक्ला,सुरेंद्र सिंह, शिवम सिंह,चंदन सिंह,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पांच साल में सर्वोत्तम अध्यात्मिक नगरी के रूप में दिखेगी अयोध्या : लल्लू सिंह

## सभी मठमंदिरों व नगर निगम के मोहल्लों व चौराहों पर जलाये जायेंगे दीपक

अयोध्या। आम जनता की सहभागिता के साथ भाजपा इस बार दीपोत्सव को व्यापक रुप देने की तैयारियों में जुटी है। अयोध्या के सभी मठमंदिरों, नगर के निगम के मोहल्लों व जनपद के चिन्हित चौराहें पर दीपोत्सव पर दीपक जलायें जायेंगें। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि इस बार दीपोत्सव का स्वरुप पिछली बार से काफी बेहतर रहने वाला है।

उन्होने बताया कि पिछले वर्षो की तरह से चौराहों पर दीपक जलायें जायेंगें। त्रेतायुग में अयोध्या आने पर जिस प्रकार यहां की जनता ने उनका स्वागत किया था उसी स्वरुप में यह उत्सव मनाया जायेगा। अयोध्या में कई देशों की रामलीलाओं का मंचन किया जायेगा। उन्होने बताया कि भाजपा द्वारा 20 तारीख से नगर निगम के सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। दीपोत्सव के लिए जनपद के चौराहे चिन्हित कर लिये गये है। इसको लेकर महानगर की तैयारी बैठक होनी है। 18, 19 अक्टूबर को वार्डो की बैठक में इसको अंतिम रुप दिया जायेगा।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में लागू कर रहे है। आने वाले पांच सालों में अयोध्या विश्व की सर्वोत्तम आध्यात्मिक नगरी के रुप में दिखाई देगी। अयोध्या रिंगरोड़ का जल्द टेंडर होने वाला है। चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण अप्रैल, मई से प्रारम्भ होगा। परिक्रमा मार्ग पर स्थित पौराणिक मार्गो व ऋषि मुनियों की तपोस्थली को बेहतर स्वरुप देने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र व जिला अध्यक्ष संजीव सिंह मौजूद रहे।

## मकान में नकब लगाकर बदमाशों ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

फिरोजाबाद ।थाना नसीरपुर के गांव नानेमऊ में चोरों ने एक घर मे नकव लगाकर लाखों के आभूषण व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने घर में रखे बक्से आदि को खेत में फेंक दिया। चोरी की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। पीड़ित ने थाने में मामले की तहरीर दी है। अवधेश कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी नानेमऊ थाना नसीरपुर का पूरा परिवार गांव में रहता है। वह मक्खनपुर में एक कारखाने में काम करता है। उसकी पत्नी मायके गई थी। जबकि घर में उसकी मां अकेली थी। रात में चोरों ने घर के दीवार में नकव लगाकर घुस गए। चोरों ने घर में रखे अलमारी, बक्से आदि के ताले तोड़कर उसमें से 95 हजार की नगदी, 4 सोने की चूड़ी, कॉलर, जंजीर, 4 अंगूठी,2 करधनी, टॉप्स आदि चोरी कर ले गए। चोर बक्से आदि भी उठाकर अपने साथ ले गए। बाद में उन्होंने बक्से आदि को खेत मे फैक दिया। सुबह ग्रामीणों ने बक्से खेत मे पड़े देखे तो घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। सूचना पर पहुंचे पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

# अयोध्या का दीपोत्सव अद्भुत, अतुलनीय व अकल्पनीय : प्रो. अखिलेश कुमार सिंह

## दीपोत्सव पहचान–पत्र के बिना सभी का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीपोत्सव की भव्यता पूरी दुनियां में उदीप्तमान हो इसको लेकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में दीपोत्सव वालंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह ने वालंटियर्स में जोश भरते हुए कहा कि अनुशासन में रहकर पुनः पिछला दीपोत्सव रिकार्ड तोड़ना है। सभी वालंटियर्स अपने घाटों पर दीए बिछाने व जलाने पर ध्यान केन्द्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव अद्भुत उत्सव है। विश्वभर की निगाहे अयोध्या पर टिकी रहती है। सभी की एकजुटता से दीपोत्सव के लक्ष्य को प्राप्त करना है। सभी के अथक मेहनत से ही यह लक्ष्य संभव हो पायेगा।

कार्यक्रम में एसपी ग्रामीण अयोध्या अतुल सोनकर ने वालंटियर्स से कहा कि आप सभी अवध की शान है। इस पुनीत कार्य में आप सभी की सहभागिता निश्चित ही सफलता दिलायेगी। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव में बिना पहचान–पत्र के किसी का भी प्रवेश नही दिया जायेगा। इसके दुरूपयोग होने पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि राम की पैड़ी पर दीपोत्सव में शामिल वालंटियर्स के अलावा अन्य लोगों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। सभी घाटों की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन से की जायेगी। सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होंने कहा कि वालंटियर्स दीपोत्सव में जो घाट दीए बिछाने व जलाने के लिए घाट आवंटित है। उसी स्थल पर रहकर कार्य करना होगा। अन्य घाटों पर आवाजाही बन्द रहेगी। इसे रोकने के लिए बैरीकेटिंग की जा रही है। कार्यक्रम में अयोध्या सीओ राजेश कुमार तिवारी ने वालंटियर्स को सचेत करते हुए कहा कि दीपोत्सव पहचान पत्र को अन्य के साथ शेयर न करें। ऐसा करने पर विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

सीओ अयोध्या ने कहा कि दीपोत्सव स्थल एवं पहचान–पत्र सिक्योरिटी फीचर्स से लैस है। किसी अन्य के द्वारा दुरूपयोग करते हुए पाए जाने पर दण्डनीय कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव के लिए जो कार्य दिए गए उसी पर आप सभी को अपना ध्यान केन्द्रित कर लक्ष्य को प्राप्त करना है। सावधानी एवं सजकता एक बेहतर विकल्प है। ऐसे में वालंटियर्स को सेल्फी लेने व अनावश्यक फोटोग्राफी से बचना होगा। इससे अप्रिय घटना से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने कहा कि राम की पैड़ी पर 23 अक्टूबर को कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के सहयोग से भव्य दीपोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम संचालन डॉ0 अंकित मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उप–नोडल अधिकारी डॉ0 संग्राम सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम बीकापुर डीपी सिंह, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 आरके तिवारी, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएस मिश्र, डॉ0 नीलम पाठक, प्रो0 के0के0 मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 डीएन वर्मा, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, इजीनियर अनुराग सिंह, इंजीनियर पीयूष राय, डॉ0 शिवांश कुमार, डॉ0 आरएन पाण्डेय, इजीनियर आस्था कुशवाहा, डॉ0 अनिल विश्वा, डॉ0 दिलीप सिंह, डॉ0 वन्दिता पाण्डेय, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, इजीनियर शाम्भवी शुक्ला, डॉ0 कविता सहित अन्य उपस्थित मौजूद रहे।

## उर्स के उपलक्ष्य में बुधवार को रहेगा अवकाश

फिरोजाबाद ।दरगाह हजरत शाह सूफी, का उर्स 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सम्पन्न होगा, के अनुक्रम में जिलाधिकारी रवि रंजन ने उर्स मेले पर स्थानीय अवकाश 18 अक्टूबर दिन मंगलवार के स्थान पर 19 अक्टूबर दिन बुधवार का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश कोषागार, उपकोषागार एवं बैंको को छोडकर सभी कार्योलय एवं संस्थानों में छुट्टी के रूप में मनाया जायेगा ।

## फसल खराब होने पर किसान ने पेड़ से लटक कर फांसी लगाई

फिरोजाबाद ।थाना नारखी क्षेत्र में फसल खराब हो जाने पर वृद्ध किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रामपुर कटेलीया निवासी पुष्पेंद्र 55 पुत्र चंद्रपाल की बारिश में मिर्च बाजरे की फसल खराब हो गई। उसको लेकर वह काफी परेशान चल रहा था। परिवारी जनों की माने तो .शाम खेत पर गया था। वहां उसने आम के पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। वहां से निकल रहे लोगों ने उसे लटका देखा तो हैरत में पड़ गए। पता चलते ही वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। परिवार के लोग भी वहां आ गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस लोगों की मदद से उसे नीचे उतर वाया। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उसके तीन बेटियां हैं तीनों की शादी कर चुका है। एक छोटा बेटा शादी के लिए है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

फिरोजाबाद ।थाना एका क्षेत्र में फांसी पर लटकने महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।पूजा 20 पत्नी कुलदीप निवासी नगला स्वामी एका की फंदे पर लटकने से मौत हो गई। परिवार की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मायके वालों को भी इसकी जानकारी दी गई है। पुलिस ने हत्या के सही कारणों की जानकारी के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## थाना रसूलपुर पुलिस ने तीन पशु चोरों किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद ।थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा पशु चोर गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।थाना प्रभारी रसूलपुर कमलेश सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पशु चोरी, लूट आदि करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत अलग अलग टीमें तैयार की गयी इसी क्रम में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा ग्रामवासियों की मदद से स्विफ्ट गाडी में बकरी डालकर चुराकर ले जाने वाले शातिर बकरी चोर सौरभ सुनील चक, सुल्तान कुरैशी ,बाबूराम को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के कब्जे से एक स्विफ्ट गाडी ,चोरी की बकरी बरामद हुयी है ।गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

## संगठन के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

अयोध्या। स्वायत्त शासन कर्मचारी संघ उत्तरप्रदेश के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम नगर निगम के तिलक भवन में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित नगर आयुक्त विशाल सिंह के द्वारा सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई । नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि आज नगर निगम परिसर में सभी सभी चुने हुए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और विधान में निहित प्रावधानों के अनुसार कर्मचारी हित एवं संगठन हेतु की रक्षा करने का संकल्प दिलाया गया। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि विगत दिन हुए चुनाव मुझको अध्यक्ष रत्नेश पांडे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश तिवारी को उप मंत्री सुशील कुमार शुक्ला को संरक्षक शिवराज को मंत्री निहारिका कोषाध्यक्ष राम शंकर सिंह को संरक्षक बनाया गया था जिनको आज नगर निगम परिसर में नगर आयुक्त विशाल सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई एवं सभी पदाधिकारियों को संगठन की मर्यादा नियम तथा उप नियमों का पालन इसके साथ–साथ कर्मचारियों के जो भी सामूहिक सार्वजनिक हित के कार्य होंगे उसको करने की शपथ ली।

## त्योहार के मद्देनजर सराफा कारोबारियों के साथ पुलिस ने की बैठक

फिरोजाबाद। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम रवि रंजन और एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर जनपद के समस्त थानों पर सर्राफा कारोबारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर सुरक्षा सम्बंधी दिशा निर्देश दिये गये मीडिया सेल द्वारा साझा की गयी जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद पुलिस द्वारा जनपद के समस्त सर्राफा व्यापारियों संग गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी के दौरान सभी सर्राफा व्यापारियों को सुरक्षा की दृष्टि से सर्राफा की दुकानों पर थाना क्षेत्र के सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर पेंट करवाने, दुकानों के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने व उनके डीवीआर सुरक्षित जगह पर रखने, कैश जमा करते जाते समय 04 पहिया वाहन का इस्तेमाल करने, सर्राफा दुकानों पर आगंतुक रजिस्टर मैन्टेन करने, सर्राफा दुकानों से खरीददारी करने वाले सभी ग्राहकों से उनका पहचान पत्र या आधार कार्ड़ लेने, दुकानों पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ व टोका– टाकी करने एवं प्रतिष्ठानों पर रात्रि में गार्ड रखने आदि के निर्देश दिये । व्यापारियों की अन्य समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया साथ ही शाम के समय सर्राफा बाजार व पेट्रोल पम्प आदि के आस–पास चेतक मोबाइल से गश्त कराने हेतु व्यापारियों को आश्वासन दिया.

# दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर कुलपति ने समन्वयकों के साथ की बैठक

## सतर्कता के साथ दीपोत्सव के लिए करें कार्य : प्रो. अखिलेश कुमार सिंह

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में अपराह्न दीपोत्सव समिति के समन्वयकों एवं सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रो0 सिंह ने सभी समिति के सदस्यों को सतर्कता के साथ दीपोत्सव के लिए कार्य करना है। सभी समिति के समन्वयकों से बारी–बारी कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए यथाआवश्यक कदम उठाने का निर्देश प्रदान किया। बैठक में कुलपति ने बताया कि 20 अक्टूबर से दीपोत्सव स्थल के घाटों पर दीए पहुँचाने का कार्य शुरू करने कर दिया जायेगा। 21 अक्टूबर से प्रातः 10 बजे घाटों पर आवासीय परिसर के वालंटियर्स द्वारा दीए लगाने का कार्य प्रारम्भ कर देंगे। 22 व 23 अक्टूबर से सभी 20 हजार वालंटियर्स दीपोत्सव स्थल पर तैनात रहेंगे। लक्षित कार्य को निश्चित समय सीमा में प्राप्त करेंगे। बैठक में कुलपति ने कहा कि हर घाट पर वालंटियर्स की संख्या को देखते हुए घाट समन्वयक के रूप में शिक्षकों को दायित्व आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त वालंटियर्स ग्रुप लीडर तैनात रहेंगे। इनकी निगरानी में घाटों के दीए लगाने व जलाने का कार्य किया जायेगा। बैठक में कुलपति प्रो0 सिंह ने भोजन समिति के समन्वयक से भोजन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि वालंटियर्स को तय समय पर जलपान व भोजन वितरण की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किया। गणना समिति के सदस्यों से कुलपति ने कहा कि दीए लगाते समय ही गणना कर ली जाये। इसके लिए व्यापक रणनीति तैयार कर ली जाए। बैठक में कुलपति ने यातायात समिति की समीक्षा करते हुए कहा कि वालंटियर्स को दीपोत्सव स्थल पर ले जाने के लिए जिला प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए योजना बनाने का निर्देश प्रदान किया। दीपोत्सव स्थल पर आपातकाल चिकित्सीय प्रबंध के चिकित्सकीय समिति तैयारियों की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त कुलपति प्रो0 सिंह ने मंच साज–सज्जा एवं अन्य समितियों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में दीपोस्तव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह, उप–नोडल अधिकारी डॉ0 संग्राम सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेदू शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 आरके तिवारी, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0के0के0 वर्मा, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 अनुपम श्रीवास्तव, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 गंगाराम मिश्र, डॉ0 डीएन वर्मा, डॉ0 राना रोहित सिंह, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह, डॉ0 प्रिया कुमारी, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, डॉ0 रामजी सिंह, डॉ0 अनुराग तिवारी, डॉ0 अंकित मिश्र, डॉ0 शिवांश कुमार, इंजीनियर आस्था कुशवाहा, इंजीनियर अनुराग सिंह, इंजीनियर पीयूष राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा 20 को

अयोध्या। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए महानगर कमेटी ने एक तैयारी बैठक की जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया तैयारी बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन उपस्थित रहे बैठक में पूर्व मंत्री ने कहा य नेता जी को श्रद्धांजलि देने के लिए आगामी 20 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे होटल पंचशील में नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी जिसमें सभी दलों को आमंत्रित किया जाएगा, महानगर अध्यक्ष ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निवेदन किया महानगर अध्यक्ष ने कहा की नेता जी आम जनमानस के नेता थे इसलिए हर मोहल्ले गांव जहां भी जो लोग नेताजी के चाहने वाले हैं सबको आमंत्रित किया जायेगा। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू, जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव,मो सुहैल, सरोज यादव, पार्षद रिजवान हसनैन, फरीद कुरैशी, जगत नारायण यादव, अजय पांडे, वकार अहमद, अंसार बब्बन, शादमान खान, जगन्नाथ यादव, इमरान खान, माजिद खान बाबा, अरौनी पासवान, मुकेश यादव, प्रदीप श्रीवास्तव, सूर्यभान यादव, अजय चौरसिया, सैफी अब्बास, विशाल यादव, शकील,नूर बाबू, अजय चौरसिया, आयुष श्रीवास्तव, सुरेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद थे ।।

# कर–करेक्रार की बैठक में डीएम ने राजस्व वसूली पर जोर दिया

फिरोजाबाद ।जिलाधिकारी रवि रंजन की अध्यक्षता में .कलैक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर व राजस्व की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प, आवकारी, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, लोक निर्माण, मण्डी, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्धारित किये गए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की गई राजस्व वसूली की एक–एक कर समीक्षा की। उन्होने परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान एआरटीओ को निर्देश दिए कि वह अपने प्रवर्तन के कार्य में और तेजी लाए। उन्होने कहा कि शहर में संचालित आईटीएमएस से रोज के रोज प्राप्त होने वाले डाटा के आधार पर वाहनों पर कार्यवाही करें। सभी तहसीलदार अपनी–अपनी तहसील के 10–10 बडेद्द बकायेदारों को चिन्हित कर उनसे वसूली की कार्यवाही करें। उन्होने निर्देश दिए कि कोंई इंट भटटा बिना रायल्टी जमा किए बिना संचालित नही हो सकता इसके लिए उन्होने सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व खनन निरीक्षक को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्रांर्गत चलने वाले इंट भटटों स्वामियों से सुनिश्चित कर लें कि माह अक्टूबर के अंतिम दिवसों तक रायल्टी जमा हो जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को छूटे हुए बिल्डरों एवं अपार्टमेंट निर्माणकर्ताओं के फ्लेटों की रजिस्ट्री शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्र में आबकारी निरीक्षकों के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाऐं। अवैध निर्मित शराब तथा दूसरे प्रांतों से आयी हुई शराब जनपद के किसी भी क्षेत्र में पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान उन्होने सभी तहसीलदारों को कडेद्द निर्देश दिए कि वह अमीनवार और आर सी वार रजिस्टर बनाया जाना सुनिश्चित करें तथा सभी आर सी की शत–प्रतिशत वसूली किया जाना सुनिश्चित करें। सभी तहसीलदार तहसील हैडक्वाटर पर रहकर कार्य करें तथा स्वंय क्षेत्र में भ्रमण कर बकाएदारों की सम्पत्ति कुर्क कर उसकी निलामी कराकर राजस्व की वसूली करें।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र–तहसील मुख्यालय से महज 10 किमी पर नही मिला प्रशासनिक मदद







दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के महदेइया गाँव के दक्षिण स्थित बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर आदि गाँव आज भी चारों तरफ पानी से घिरा हुआ है। ज्यादेतर बाढ़ प्रभावित गाँव टापू का रूप ले चुके है। करीब 13 दिन से क्षेत्र के कोटिया दीगर आदि गाँव अब भी बाढ़ की चपेट में है। कोटिया दीगर ग्रामीणों का दावा है कि 13 दिनों के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार की मदद नही मिली और न ही किसी जनप्रतिनिधियों की नजर ही पड़ी है। जानकारी मिलने पर भारतीय मानवाधिकार परिवार के जिलाध्यक्ष नीलू रुंगटा अपनी टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर आदि गावों में बितरण हेतु बिस्कुट, पानी, कपड़ा आदि लेकर निकल पड़े। महदेइया गाँव के दक्षिण होकर जाने वाले गाँव बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर आदि में जब उन्हें आने–जाने का रास्ता नही मिला और न ही बोट मिली तो स्थानीय लोगों की मदद से चलने वाले नाव से मजबूरन क्षेत्रीय सुग्रीम यादव, सिंगर गौरी शंकर देहाती समेत ग्रामीणों की मदद से गाँव मे बिस्कुट, पानी आदि बितरण कराया। गाँव में खाद्यान्न बितरण कर रहे सुग्रीम यादव ने बताया कि बिजली समेत स्वास्थ्य सुविधाओं की संकट है, जिस पर उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मदद दिलाने की बात कही।

- **शोहरतगढ़ तहसील क्षेत के बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर में बाढ़ के 13 दिन बाद भी प्रशासन की नही पड़ी नजर**
- **भारतीय मानवाधिकार परिवार जिलाध्यक्ष नीलू रुंगटा की अगुवाई में बाढ़ प्रभावित गाँव बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर में बितरण हुआ खाद्यान्न**

इसके साथ ही भारतीय मानवाधिकार परिवार की टीम बसाहिया ग्राम पंचायत के टोला लक्ष्मी नगर में जरूरतमंदों को पकड़ा उपलब्ध कराया। उन्होंने लोगों की मदद करने के लिए अधिवक्ता रिपुंजय सहाय एवं अधिवक्ता संघ की सराहना की है। बातचीत के दौरान क्षेत्रीय गौरी शंकर देहाती ने बताया कि तहसील क्षेत्र के नदवालिया, अमहवा, महदेइया, प्रताप पुर उर्फ राजा कोहा, रामापुर, कोमरी, बालानगर आदि दर्जनों गांवों में ग्रामीण 15 दिनों से लाइट का इंतजार कर रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि विजली विभाग के कतिथ जिम्मेदार गाँव मे बिजली सप्पलाई के नाम पर अवैध बसूली की बात करते है। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली न होने के कारण सबसे ज्यादे खतरा साँप आदि से है। किसी प्रकार की घटना होने पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराने की बात की है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र निषाद ने कहा कि बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर आदि गांव में प्रशासन से कोई मदद नही मिली है, जबकि यहाँ के लोग काफी परेशान है। साथ ही कहा कि बाढ़ के कारण फसल खराब हो गयी है और तहसील प्रशासन के लोग क्षेत्र को मैरुण्ड नही घोषित कर रहे है, जबकि हमारी फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इसके साथ ही डीके सिंह से सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए। बिजली सन्दर्भ में जेई सुरेंद्र कुमार से बात हुई तो उन्होंने कहा कि फाल्ट मिल गया है, शीघ्र ही सप्लाई चालू हो जाएगी।

## सांसद ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया भ्रमण

### बाढ़ पीड़ितो को लंच पैकेट, लाई, चना, साड़ी एवं पानी का किया वितरण





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा तहसील इटवा के बाढ़ प्रभावित का वेलवा विजौरा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुँचकर बाढ़ प्रभावित लोगो का हालचाल जाना। सांसद डुमरियागंज एवं एसडीएम विजय कश्यप द्वारा बाढ़ पीड़ितो को लंच पैकेट, लाई, चना, साड़ी एवं पानी का वितरण किया गया। सांसद और सी ओ राणा महेंद्र प्रताप, तहसीलदार इटवा एस डी यम विजय कश्यप कुलदीप दिवेदी बालमुकुंद पांडे ओमप्रकाश तिवारी पप्पू सिंह बच्चा पाठक पंकज सिंह अरुण पांडे मोनी पांडे बेचन भग्गन राजाराम मुन्नार रामायण सुधाकर मिश्रा ने ग्रामीणो को विश्वास दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। किसी को कोई परेशानी नही होने दी जायेगी।

## भूख से मर रही गाये, प्रशासन मौन

पंकज चौबे/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले के बढ़नी ब्लॉक में एक गौशाला की एक ऐसी विचलित करने वाली तस्वीरें सामने देखने को मिली है। जिसे यकीन कर पाना मुश्किल होगा। जहा शासन की तरफ से गौशालाओं के लिए लाखों का फंड दिया जा रहा है। इन गायों की स्थितियों को सुधारने के लिए तो वही गौशाला के भीतर हर दिन भूख प्यास से मरती गाय अधिकारियों के लिए इन गायों की मौते महज बीमारी से होती दिख रही है। क्योंकि अधिकारी अपना बचाव करते हुए यह बता रहे है कि वह गाय बीमार थी। लेकिन सबाल है कि जब वह बीमार है तो उन का ईलाज क्यों नहीं कराया जा रहा। गौशाला के अन्दर दो गाय अपनी मौत का इंतजार कर रही है। बता दें कि मामला सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी ब्लॉक का है जहां जुगडिहवा में गौशाला बनी हुई है। लेकिन इस गौशाला की हालत बद से बदतर हो चुकी है। गाय भूख प्यास से मर रही है। चारा में सिर्फ भूसा खिलाया व पीने के लिए गन्दा पानी ही दिख रहा है गौशाला की देखरेख करने वाले वक्ति ने बताया कि गौशाला के भीतर लिखित में अस्सी गाए हैं, जो हमको मिल रहा है वही हम खिला रहे है। इस पूरे मामले को लेकर जब जुगडिहवा गांव के ग्राम सचिव हीरा सिंह से बात की तो ग्राम सचिव ने बताया गाय जो हैं वह बीमारी से मर रही है। जो बीमार है उनका इलाज भी कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भूसे की व्यवस्था है भूख की वजह से नहीं बल्कि बीमारी की वजह से उनकी मौत हो रही है। लेकिन इन सबके बीच गौशाला में हो रही गायों की मौत के जिम्मेदार कौन है जिसकी वजह से गौशाला की देखरेख ना हो पाने की वजह से गौशाला की हालत बद से बदतर होती जा रही है।



## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने बाढ़ पीड़ितों में बाटी राहत सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। सिद्धार्थनगर। चारों तरफ बाढ़ का प्रकोप है। लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। लोगो का जीवन अस्त व्यस्त है। इसी क्रम में पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग ने बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुच कर लोगों के कुशल क्षेम पूछते हुए बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित किया। यह क्रम आगे बाढ़ की सामान्य स्थिति बनने तक जारी रहेगा। इस क्रम में बांसी ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित गांव खमरिया बुजुर्ग, खमरिया खुर्द गनवरिया, तारा गुजरौलिया, और भगौतापुर आदि गाँवो में विभाग के कार्यकर्ताओं ने भोजन पैकेट, बिस्किट, चूड़ा गुड, और पानी का बोतल, आदि सामान वितरित कर बाढ़ पीड़ितों के संकट की घड़ी में उनका साथ दिया। इस कार्यक्रम में जिला संचालक दिनेश, सह जिला संघचालक राम अजोर, जिला कार्यवाह मोहित कुवंर श्रीवास्तव, नगर कार्यवाहक दिवाकर उपाध्याय, नगर विस्तार पंकज, सम्पर्क प्रमुख भूपेश, सेवा प्रमुख ज्ञानेंद्र जिला बौद्धिक प्रमुख अंगद पाठक, गो सेवा प्रमुख सुभाष, सह नगर कार्यवाह रवि चौधरी एवं उपेंद्र त्रिपाठी खंड सेवा प्रमुख देवेंद्र चौबे, भोला मिश्रा ,खंड कार्यवाह राजेश मिश्र ,भीम, बालमुकुंद पांडे, सुमित ,राकेश राजनाथ देवेश, महेंद्र, संकटा, रामचंद्र, दुर्गेश आदि लोगों ने सहयोग किया। और यह सहयोग आपदा समाप्त होने तक जारी रहेगा।



## उसका थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। त्यौहार को मद्दे नजर रखते हुए पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुआ वही सभी ग्राम प्रधान स्थानीय लोग भी पीस कमेटी में बैठे थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने लोगों को बताया कि आने वाले दीपावली त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाया जाय और पटाखे की कम प्रयोग करें पटाखे ऐसी जगह ना जलाएं जहां से आग लगने की संभावना हो अगर ऐसा कोई करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दिया जाय इस बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान और उप निरीक्षक नंदू गौतम आदि लोग भी रहे मौजूद।



## कूड़ा नदी में विपरीत हुई धाराएं लोगो में बना दहशत का माहौल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। उसका से सटे कूड़ा नदी में अचानक विपरीत धाराएं से बहने लगी और वही मेंहदिया गांव से सटे बंधे में रिसाव भी होने लगा ग्रामीण बंधे में रिसाव देख ग्रामीणों को अब चिंता सताने लगी है अब ग्रामीण बंधा रखा रहे है बंधे से सटे गांव जैसे गंगाधरपु, मेहंदिया, पठानपुर, उसका राजा, बकैनिहा, बगही के लोगो को ग्रामीणों को अब चिंता सताने लगी है वही सूचना मिलते जिम्मेदार पहुंचकर बांध की मरम्मत में भी जुटे हुए है विकास शुक्ला और राकेश त्रिपाठी का कहना है कि बांध में रिसाव होने से काफी समस्याएं उत्पन्न हो जायेगी मेहंदिया गांव बहुत ही निचाट है लोगो के घरों में पानी भी घुस जायेगा।

## मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बर्डपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधीक्षक डॉक्टर सुबोध चन्द्र सहित चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ओ.पी.डी. कक्ष, औषधी केन्द्र स्टाक, कोल्ड रूम, प्रसव रूम, जनरल वार्ड सहित सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन किया गया। औषधी केन्द्र में स्टाक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए आवश्यक दवाओं एवं महत्वपूर्ण वैक्सीन यथा पोलियो, जेनवैक, रैबीज, एन्टी स्नेक वेनम आदि का मिलान स्टाक रजिस्टर से किया गया। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी आवश्यक दवा उपलब्ध है, कुछ दवाओं हेतु मांग किया गया है। चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई सन्तोषजनक पायी गयी, शौचालयों में नियमित साफ–सफाई कराने तथा पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये गये। ओ0पी0डी0 में उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गयी। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सामुदायिक केन्द्र परिसर के पीछे की बाउण्डीवाल टूटी है, इस सम्बन्ध में पत्राचार करने के निर्देश दिये गये। सोलिड वेस्ट मैनजमेन्ट के अन्तर्गत कूडा निस्तारण का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये गये। एम0ओ0आई0सी0 को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी गर्भवती महिलाओं का प्रसव राजकीय चिकित्सालय में कराने हेतु आशा सांगिनी एवं ए0एन0एम0 को निर्देशित करें। चिकित्सालय में विद्युत सुरक्षा हेतु सम्बन्धित विभाग से प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु पत्राचार करने तथा आवसीय भवन की साफ–सफाई कराकर चिकित्सक एवं अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ को निवास करने हेतु निर्देशित करें। अधीक्षक द्वारा 02 सब सेन्टर बजहा एवं पिपरी करीमपुर में जिनकी स्थिति अत्यन्त खराब है, उन केन्द्रों का जीणोद्धार कराते हुए केन्द्र संचालित कराये जाने हेतु उसके मरम्मत कराने का अनुरोध किया गया । जिसके लिए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।







## नेता मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि देते ग्रामीण व कार्यकर्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के बजहा बाजार में ग्रामीणों द्वारा नेता मुलायम सिंह यादव के प्रति श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम व्यवस्थापक वारिश अली ने नेता के समाजिक कार्यो के प्रति उनके विचारों को रखा, उन्होंने कहा नेता अर्श से उठकर फर्श पर पहुचते हुए, अपने सभी शुभचिंतकों का सम्मान करने का कार्य किया। ऐसे नेता के विचारों ने समाज के अतिपिछड़ों शोषितों, बंचितों दलितों के उत्थान के प्रति लड़ाई लड़ी है। आज पिछडो अल्पसंख्यकों को समाज मे जो पहचान मिली है उसमें नेता की अहम भूमिका रही है, राजनीतिक अखाड़े में विरोधियों को चित करने की कला उनमें भरी रही पहलवान होते हुए लगी चौपाल हो या बैठक में भी कार्यकर्ता को पहलवानी का दांव सिखाते दिख जाते रहे। उन्होंने कहा एक बार नेता के साथ जेल भी जा चुका हूं, नेता जी ने उस समय पीठ थपथपाते हुए कहा अभी तुम्हारी उम्र पढ़ने की है। श्रद्धांजलि सभा मे शहीदे आजम भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। साथ कार्यकर्ता संघ ग्रामीण शामिल होकर नेता के चित्र पर पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। मनोज कुमार चौरसिया, शौकत अली, कल्लू, भारत यादव, लालकिशोर, मो इब्राहिम अब्दुल कलाम आजाद, मुस्तकीम, शबरे आलम, परवेज, आलम, राम दास, डॉ अब्दुल मालिक, प्रधान चार्य तेज बहादुर चौधरी मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

**यह मामला ईरान या सउदी अरब में तो मजहबी हो सकता है लेकिन भारत में तो यह शुद्ध पहचान का मामला है। हिजाब, उसको पहननेवाली महिला की पहचान को छिपा लेता है। बस, इसीलिए स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। हिजाब और बुर्के की आड़ में आतंकी, तस्कर, डकैत, अपराधी लोग भी अपना धंधा चलाते हैं। यदि ...**

# हिजाब मजहबी सवाल है ही नहीं



हिजाब को लेकर आजकल सर्वोच्च न्यायालय में जमकर बहस चल रही है। हिजाब पर जिन दो न्यायाधीशों ने अपनी राय जाहिर की है, उन्होंने एक–दूसरे के विपरीत बातें कही हैं। अब इस मामले पर कोई बड़ी जज–मंडली विचार करेगी। एक जज ने हिजाब के पक्ष में फैसला सुनाया है और दूसरे ने जमकर हिजाब के विरोध में तर्क दिए हैं। हिजाब को सही बताने वाला जज कोई मुसलमान नहीं है। वह भी हिंदू ही है। हिजाब के मसले पर भारत के हिंदू और मुसलमान संगठनों ने लाठियां बजानी शुरु कर रखी हैं। दोनों एक–दूसरे के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं। असल में यह विवाद शुरु हुआ कर्नाटक से! इसी साल फरवरी में कर्नाटक के कुछ स्कूलों ने अपनी छात्राओं को हिजाब पहनकर कक्षा में बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया था। सारा मामला वहां के उच्च न्यायालय में गया। उसने फैसला दे दिया कि स्कूलों द्वारा बनाई गई पोषाख–संहिता का पालन सभी छात्र–छात्राओं को करना होगा लेकिन मेरा निवेदन यह है कि हमारे नेतागण, हमारे जज महोदय और स्कूलों के अधिकारी हिजाब के मसले में बिल्कुल गलत राह पर चल रहे हैं। उन्होंने सारे मामले को मजहबी बना दिया है। यह मामला ईरान या सउदी अरब में तो मजहबी हो सकता है लेकिन भारत में तो यह शुद्ध पहचान का मामला है। हिजाब, उसको पहननेवाली महिला की पहचान को छिपा लेता है। बस, इसीलिए स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। हिजाब और बुर्के की आड़ में आतंकी, तस्कर, डकैत, अपराधी लोग भी अपना धंधा चलाते हैं। यदि मुसलमान औरतों पर हिजाब अनिवार्य है तो मैं पूछता हूं कि मुसलमान मर्दों पर क्यों नहीं है? यह स्त्री–पुरुष समानता का युग नहीं है क्या? यदि सिर्फ मजहबी होने के कारण हिजाब पर प्रतिबंध होना चाहिए तो हिंदू औरतों के टीके, सिंदूर, चूडियों, सिखों के केश और साफे तथा ईसाइयों के क्रॉस पर प्रतिबंध क्यों नहीं होना चाहिए? मुझे तो आश्चर्य यह है कि नेता और अफसर असली मुद्दों पर बहस करने की बजाय नकली मुद्दों पर बहस चला रहे हैं लेकिन हमारे जज भी उन्हीं की राह पर चल रहे हैं। वे तो सुशिक्षित, अनुभवी और निष्पक्ष होते हैं। वे भी सही मुद्दों पर बहस क्यों नहीं चला रहे हैं? मेरी राय में दोनों जजों और अब जजों की बड़ी मंडली को इस मुद्दे पर बहस को केंद्रित करना चाहिए कि सबको अपनी संस्था की पोषाख–संहिता का पालन तो करना ही होगा लेकिन किसी को भी अपनी पहचान छिपाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दुनिया के ज्यादातर मुस्लिम देशों में भी हिजाब अनिवार्य नहीं है। ईरान में तो हिजाब के खिलाफ खुली बगावत छिड़ गई है। कुरान शरीफ में कहीं भी हिजाब को अनिवार्य नहीं कहा गया है। हमारी मुसलमान छात्राएं हिजाब के चलते शिक्षा से वंचित क्यों रखी जाएं? क्या मुस्लिम छात्राएं सिर्फ मरदसों में ही पढ़ेंगी? यदि इस मामले को आप सिर्फ मजहबी चश्मे से ही देखेंगे तो देश का बड़ा नुकसान हो जाएगा।

# डिप्लोमैसी क्यों गायब है?

इस समय सबसे पहली जरूरत कूटनीतिक संवाद की है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र इस लिहाज से अप्रासंगिक–सा हो चुका है। निर्गुट आंदोलन जैसा कोई मंच भी आज नहीं है, जो इसकी पहल कर सके। ऐसे ये जिम्मेदारी सबसे बड़ी ताकतों को ही लेनी होगी। आलोचक कभी हेनरी किसिंजर को उग्र–साम्राज्यवादी बता कर उनकी आलोचना करते थे। लेकिन आज के संदर्भ में उन्हीं आलोचकों के बीच 99 वर्षीय किसिंजर को एक यथार्थवादी और मॉडरेट माना जाता है। अगर गंभीरता से गौर किया जाए, तो पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री किसिंजर जिन बातों की पैरोकारी 1960 या 1070 के दशक में करते थे, उनकी सोच कमोबेश आज भी उसी बिंदु पर कायम है। तो संभवतरू अमेरिकी राजनीति का यह दक्षिणोन्मुख गमन (राइट विंग शिफ्ट) है, जिसकी वजह से तब के दक्षिणपंथी किसिंजर आज मध्यमार्ग में मौजूद नजर आते हैं। बहरहाल, फिलहाल किसिंजर की चर्चा यूक्रेन युद्ध के बारे में उनके सामने आए विश्लेषण की वजह से है। किसिंजर मानते हैं कि पश्चिमी देश चाहते तो यूक्रेन युद्ध को रोका जा सकता था। बल्कि अभी भी वे अगर वे समाधान के लिए कूटनीति का सहारा लें, तो दुनिया पर परमाणु युद्ध के मंडरा रहे खतरे को टाला जा सकता है। लेकिन फिलहाल किसी क्षेत्र से किसी कूटनीतिक पहल के संकेत नहीं दिखते। जबकि यूक्रेन युद्ध लगातार अधिक खतरनाक मोड़ लेता जा रहा है। पहले मास्को में एक धुर–दक्षिणपंथी विचारक की कार उड़ा कर हत्या, फिर नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइनों में तोडफोड़ और बीते हफ्ते क्राइमिया ब्रिज पर विस्फोट के बाद रूस ने सोमवार को जिस बड़े पैमाने पर यूक्रेन पर मिसाइल हमला किया, उससे ये युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। अब ये आशंका गहराती जा रही है कि धीरे–धीरे दूसरे देश भी इस युद्ध में उलझ सकते हैं। बेलारुस इस बाते का ठोस संकेत दे चुका है। अगर पश्चिमी देश भी इसमें उलझे, तो फिर खतरा कहां तक जाएगा– इस बारे में आज कोई भी अनुमान नहीं लगा सकता। इसलिए इस समय सबसे पहली जरूरत कूटनीतिक संवाद की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि बेअसर होते–होते संयुक्त राष्ट्र अब इस लिहाज से अप्रासंगिक–सा हो चुका है। निर्गुट आंदोलन जैसा कोई मंच भी आज दुनिया में नहीं है, जो इसकी पहल कर सके। ऐसे ये जिम्मेदारी दुनिया की सबसे बड़ी ताकतों को ही लेनी होगी। लेकिन घरेलू राजनीति और निहित स्वार्थों का दबाव उनके नेतृत्व को ऐसा करने देगा, इसकी संभावना कम नजर आती है।

# उफ! साइड इफेक्ट में नरबलि तक

**सोचें, समाज में बनती इन आत्महंता आस्थाओं पर! लोग अपनी जान दांव पर लगा रहे हैं या दूसरे लोगों की जान ले रहे हैं। ऐसा नहीं है कि दिल्ली, केरल, गुजरात या पश्चिम बंगाल की घटनाएं अपवाद हैं। अगर लिखने बैठें तो अखबार के कई पन्ने भर जाएं ऐसी घटनाओं से। और वक्त जबकि 21वीं सदी का। भारत के लोगों की वैज्ञानिक चेतना लुप्त हो रही है। उसकी जगह अंधविश्वास फैल रहा हैं। इस तरह...**

हरिशंकर व्यास

सचमुच धार्मिकता के जलजले के साइड इफेक्ट में भारत तेजी से अंधविश्वासी होता हुआ है। जीवन के कष्टों के लिए जब व्यक्ति सरकार और शासन व्यवस्था की बजाए अपनी नियति को दोष देने लगे तो फिर वह उस दोष को दूर करने का प्रयास करता है। भारत में वहीं हो रहा है। लोग सरकार से सवाल पूछने की बजाय अपनी कुंडली के दोष दूर करने में लगे हैं। वे अपने को अरक्षित महसूस कर रहे हैं। अंधविश्वास और कर्मकांडों में लोगों की आस्था बढ़ी है। उन्हें कुछ पाना है तो उसके लिए भी कर्मकांडों का भरोसा। तभी दिल्ली से लेकर देश के सबसे शिक्षित राज्य केरल में और गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल तक में लोग अपनी आहूति दे रहे हैं या दूसरों की बलि चढ़ा रहे हैं।

केरल में नरबलि का ताजा मामला मामूली नहीं है। वहां एक डॉक्टर दंपत्ति ने बारी बारी से दो महिलाओं की बलि चढ़ा दी। काले जादू के चक्कर में डॉक्टर परिवार ने इस भयावह घटना को अंजाम दिया। तांत्रिकों के कहने पर दो महिलाओं की बलि दी गई, उनका खून दीवारों पर छिड़का गया, उनके शव को 56 टुकड़ों में काटा गया। अब कहा जा रहा है कि डॉक्टर दंपत्ति ने उनका मांस पका कर खाया। ऐसा सिर्फ इसलिए किया गया क्योंकि तांत्रिक ने कहा था कि ऐसा करने से उनकी धन संपत्ति बढ़ेगी। अंध विश्वास तीन ही कारणों




से बढ़ रहा है। पहला लालच है और दूसरा असुरक्षा का भाव है और तीसरा चारो तरफ राजा द्वारा कर्मकांडों से विजयी होते जाने का प्रजा में विश्वास बनवाना है।

लालच में हुई बलि की दूसरी घटना गुजरात की है। गुजरात के गिर–सोमनाथ जिले में एक कारोबारी ने नवरात्रि के दौरान तीन अक्टूबर को अपनी 14 साल की सगी बेटी की बलि चढ़ा दी। गांव के लोगों का कहना है कि किसी तांत्रिक ने कारोबारी को समझाया था कि बेटी की बलि चढ़ाने से उसका पुनर्जन्म होगा। और संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। तभी बलि के बाद शव चार दिन तक छिपा कर रखा गया। जब पुनर्जन्म नहीं हुआ तो उसे चुपचाप रात को खेत में उसे दफना दिया गया। लेकिन गांवों वालों की नजरों से यह भयावह घटना बच नहीं पाई। इसी तरह पश्चिम बंगाल के माल्दा जिले में बुधवार को आठ साल की एक बच्ची का शव मिला है। उसका गला कटा हुआ था और माथे पर पूजा, पाठ, तिलक आदि के निशान थे। गांव के लोगों का कहना है कि तंत्र–मंत्र के चक्कर में लड़की की बलि दी गई। तीन अक्टूबर को ही राजधानी दिल्ली में पुलिस ने दो मजदूरों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने एक झुग्गी बस्ती से छह साल के एक बच्चे को अगवा किया। अफीम के नशे में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए गला काट कर बच्चे की बलि चढ़ा दी। कोई चार साल पहले जून 2018 में दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक ही परिवार के 11 लोगों का शव मिला था। सभी लोग फांसी से लटके मिले थे। पुलिस इसे श्सुसाइड पैक्ट्य यानी आत्महत्या का मामला मान रही है। यह केस अब भी अनसुलझा है लेकिन पहली नजर में ऐसा लगता है कि परिवार के लोगों ने किसी काले जादू के चक्कर में या तंत्र–मंत्र के चक्कर में अपनी जान गंवाई। पुलिस की जांच से पता चला कि सारे लोग यह उम्मीद कर रहे थे कि फांसी से लटकने के कुछ समय बाद सब लोग फिर जी उठेंगे और उनकी सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सोचें, समाज में बनती इन आत्महंता आस्थाओं पर! लोग अपनी जान दांव पर लगा रहे हैं या दूसरे लोगों की जान ले रहे हैं। ऐसा नहीं है कि दिल्ली, केरल, गुजरात या पश्चिम बंगाल की घटनाएं अपवाद हैं। अगर लिखने बैठें तो अखबार के कई पन्ने भर जाएं ऐसी घटनाओं से। और वक्त जबकि 21वीं सदी का। भारत के लोगों की वैज्ञानिक चेतना लुप्त हो रही है। उसकी जगह अंधविश्वास फैल रहा हैं। इस तरह के अंधविश्वास और आत्महंता आस्थाएं किसी राजा और उसकी एक पार्टी को चुनाव जीताने में तो मददगार हो सकती हैं लेकिन एक सभ्य देश और समाज के नाते भारत जिस दिशा की ओर बढ़ते हुए है क्या उसका हिंदू समाज और धर्म को खतरा मालूम है?

**आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की शानदार सफलता उर्वरक, बीज, कीटनाशक, खरपतवारनाशक आदि जैसे गुणवत्ता वाले कृषि–आदानों की समय पर आपूर्ति में योगदान करती है। पीएमकेएसके और श्वन नेशन, वन फर्टिलाइजरश दोनों पहलों का उद्देश्य किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरकों और अन्य कृषि सेवाओं की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करके कृषि उत्पादन में वृद्धि करना और ...**

# समृद्ध हिन्दुस्तान के लिये सशक्त किसान

डॉ मनसुख मांडविया

भारत के किसान हमेशा से अर्थव्यवस्था के मेरुदंड रहे हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार श्सबका साथ, सबका विकासश्य के नजरिए से उर्वरक क्षेत्र में अभिनव एवं सशक्त उपायों के द्वारा इस मेरुदंड को मजबूती प्रदान करने की ओर अग्रसर है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिये इस क्षेत्र में कई संरचनात्मक बदलाव जरूरी हैं क्योंकि देश में 45.6 प्रतिशत कार्यबल कृषि में कार्यरत है। किसान कल्याण को ध्यान में रखते हुए, सरकार महत्वपूर्ण पहल कर रही है ताकि किसानों को एक ही छत के नीचे उर्वरक और कृषि संबंधी अन्य सामग्री सस्ती दरों पर मिलें, जिससे वे कृषि उत्पादन को बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने के लिए नई तकनीकों को अपनाएं। इन उद्देश्यों के साथ, माननीय प्रधानमंत्री जी किसानों के लिए दो महत्वपूर्ण पहल शुरू करने जा रहे हैं। पहला है, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), एक ही छत के नीचे विभिन्न सुविधाओं से लैस एक अनूठी मॉडल उर्वरक खुदरा विक्रय केन्द्र । दूसरा है प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना जिसे वन नेशन, वन फर्टिलाइजर्स कहा जाता है, को भी लॉन्च किया जाएगा जिसके तहत सभी प्रकार के प्रमुख उर्वरकों के लिए सिंगल ब्रांड भारत का उपयोग किया जाएगा। 600 प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) एक छत के नीचे उचित मूल्य पर उर्वरक, बीज, कीटनाशक जैसी सभी गुणवत्ता वाले कृषि संबंधी सामग्री के साथ किसानों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करेंगे। साथ ही इन केंद्रों में खरपतवारनाशक, कीटनाशक, बीज और छोटे कृषि उपकरण जैसे हुकुम, दरांती, स्प्रेयर आदि भी उपलब्ध होंगे। पीएमकेएसके तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन सहित बड़े या छोटे कृषि उपकरण किराए पर लेने के लिए कस्टम हायरिंग केंद्रों को भी लिंकेज प्रदान करेगा। ये केंद्र उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ–साथ नवीनतम और सर्वोत्तम कृषि प्रौद्योगिकी और प्रथाओं पर किसानों के बीच जागरूकता सृजन करने के लिए जानकारी साझा करने हेतु इंटरएक्टिव प्लेटफॉर्म भी प्रदान करेंगे। पीएमकेएसके के तहत देश की मौजूदा 3.3 लाख उर्वरक दुकानों को परिवर्तित किया जाएगा या नई स्थापित की जाएंगी। पीएमकेएसके ग्राम स्तर पर किसानों को फसल से जुड़ी पाठ्य–सामग्री, मृदा उर्वरता मानचित्र, सरकारी अधिकारियों के संदेश तथा भण्डारण स्थिति, सब्सिडी एवं एमआरपी आदि की सुविधा प्रदान करेगा। ग्राम स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त, तहसील स्तर के केन्द्र पर नये दौर के उर्वरक और सरकारी योजनाओं पर हेल्प डेस्क, फसल संबंधी परामर्श और दूरभाष परामर्श, क्यूआर कोडध्बार कोड स्कैनर, कॉमन सर्विस सेंटर, मृदा परीक्षण सुविधा तथा बीज का नमूना संग्रह, कीटनाशक परीक्षण, स्प्रेयर, डस्टर तथा ड्रोन हेतु कस्टम हायरिंग, मंडी की कीमतों और मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी जैसी सुविधाएं होंगी। तहसील स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं के अलावा, जिला स्तर के केन्द्रों पर संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला के प्रदर्शन, बैठकों के लिये व्यापक व्यवस्था, मृदा, बीज, जल और कीटनाशकों के लिये परीक्षण सुविधा, खुदरा विक्रेताओं तथा कॉमन सर्विस सेंटर की क्षमता निर्माण के साथ बड़े पैमाने पर सभी सुविधाएं होंगी। पीएमकेएसके के अंतर्गत खुदरा विक्रेताओं जानकारी के साथ सशक्त बनाने के लिये प्रत्येक छह महीने में खुदरा विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। केवीके के कृषि वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ खुदरा विक्रेताओं को उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल के प्रोत्साहन, जैविक उर्वरकों के इस्तेमाल और फायदे से जुड़ी जानकारी, जैविक खाद, नये दौर के उर्वरक




समाधान जैसे नैनो उर्वरक आदि जैसे विषयों पर खुदरा विक्रेताओं को नियमित तौर पर प्रशिक्षित करेंगे। प्रगतिशील किसानों की सफलता की कहानियों को भी आईसीटी की मदद से किसानों के साथ व्यापक तौर पर साझा किया जायेगा। कृषि सामग्री में प्रगति, नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी, मौसम पूर्वानुमान, फसल कीट संक्रमण की चेतावनी, मंडी दर आदि की हालिया जानकारी भी प्रसारित की जायेगी। एक और क्रांतिकारी योजना है पीएम जन उर्वरक परियोजना जिसे वन नेशन वन फर्टिलाइजर भी कहा जाता है। अब देश में बेचे जाने वाले सभी प्रकार के प्रमुख उर्वरकों के लिये सिंगल ब्रांड श्भारत यूरियाय, श्भारत डीएपीय, श्भारत एमओपीय और श्भारत एनपीकेय की बिक्री की जायेगी।

इसकी प्रमुख वजह है कि किसी विशेष श्रेणी के उर्वरक में उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार समान पोषक तत्व होने चाहिए। एक खास तरह के उर्वरक के लिये विभिन्न ब्रांडों में कोई उत्पाद विषमता नहीं है। उदाहरण के लिये, डीएपी में समान मात्रा में पोषक तत्व होना चाहिए चाहे वह एक कंपनी द्वारा उत्पादित की गयी हो या किसी दूसरी कंपनी के द्वारा। श्वन नेशन वन फर्टिलाइजरय सरकार को अब तक का सबसे बड़ा कदम होगा जो किसानों को ब्रांड विशिष्ट पसंद के भ्रम को दूर करने में मदद करेगा, क्योंकि सभी यूरिया ब्रांड में 46 प्रतिशत एन और सभी डीएपी ब्रांड में 18 प्रतिशत एन और 46 प्रतिशत पी है।

किसान आमतौर पर इस तथ्य से अनजान होते हैं और उस क्षेत्र में कंपनियों द्वारा विकसित मजबूत विपणन रणनीतियों और मजबूत खुदरा विक्रेता नेटवर्क के परिणामस्वरूप कुछ ब्रांडों को पसंद करते हैं। यह पाया गया है कि वर्षों से इस ब्रांड वरीयता के परिणामस्वरूप किसानों को उर्वरकों की आपूर्ति में देरी हो रही है और उर्वरकों की लंबी दूरी की क्रि–क्रॉस आवाजाही के परिणामस्वरूप माल ढुलाई सब्सिडी में वृद्धि के कारण राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। भारत ने एक अरब से अधिक आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृषि उत्पादन और उत्पादकता में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं। आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की शानदार सफलता उर्वरक, बीज, कीटनाशक, खरपतवारनाशक आदि जैसे गुणवत्ता वाले कृषि–आदानों की समय पर आपूर्ति में योगदान करती है।




# बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए होम्योपैथी ज्यादा भरोसेमंदःडॉ. विजय पुष्कर

## जिले में 35 अस्पतालों के द्वारा लोगों को मिल रही होम्योपैथिक चिकित्सा

सीतापुर।(आरएनएस ) होम्योपैथिक विभाग के तत्वाधान में मंडल स्तरीय होम्योपैथिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन बिसवां कस्बे के बीपीएस ओपेन हार्ट स्कूल में किया गया। मेले में 400 से भी अधिक लोगों ने चिकित्सकों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी सलाह और दवाएं प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने की और मुख्य अतिथि महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या रहीं। इस मौके पर उन्होंने होम्योपैथिक की उपयोगिता पर विस्तृत विचार रखे। विधान परिषद के पूर्व सदस्य भरत त्रिपाठी ने होम्योपैथी को अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं होम्योपैथिक विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय पुष्कर ने राज्य सरकार द्वारा आयुष विभाग को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज की तारीख में पूरी दुनिया में 30 करोड़ से ज्यादा लोग होम्योपैथी में भरोसा करते हैं। एलोपैथी जहां बीमारियों का पता लगाने, जांच करने का सबसे विश्वसनीय तरीका है। वहीं बीमारी को दबाने की बजाये उसे जड़ से खत्म करने के लिए होम्योपैथी आज भी ज्यादा भरोसेमंद मानी जाती है। इसके अलावा होम्योपैथिक दवाओं के कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य मेले के व्यवस्थापक एवं लालपुर राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल के प्रभारी डॉ. उदय राज मौर्या ने कहा कि मेले का उद्देश्य आमजन तक होम्योपैथिक चिकित्सा को पहुंचाना है। प्रदेश सरकार के इसी उद्देश्य को लेकर इस मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 35 होम्योपैथिक अस्पतालों के माध्यम से लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा दी जा रही है। इस मौके पद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चेतना त्रिपाठी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. किरन कुमारी दास, लखनऊ के जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमला रावत, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य आकषर्ण हर दिन, हर घर होम्योपैथी के तहत घरेलू और उपयोगी पौधों की प्रदर्शनी रही। जिसे लोगों ने खूब सराहा। काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत 154 मरीजों और 300 छात्र-छात्राओं को सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूक कर हाथ धोने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन जन सेवा समिति और दवा निर्माता कंपनी एसबीएल के सहयोग से किया गया। इस मौके पर जन सेवा समिति के डॉ. राजेंद्र कुमार मौर्या, सहित मनीष कुमार सिंह, मुकुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की सभी समस्याओं का यथा सम्भव हल निकाला जाएगाः जितिन प्रसाद

## लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बाढ़ राहत चौकी मारूबेहड़ का किया निरीक्षण

रेउसा (सीतापुर)।(आरएनएस ) लोक निर्माण मन्त्री जितिन प्रसाद ने बाढ़ राहत चौकी मारूबेहड़ में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का यथा सम्भव हल निकाला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन लोगों के कच्चे पक्के एवं झोपड़ी नुमा घर बाढ़ कटान में क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनका सही सही सर्वे करवाते हुए समुचित अनुमन्य सहायता प्रदान की जाय और जिन ग्रामीणों के घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। उन्हें मुख्यमंत्री आवास उपलब्ध कराने हेतु सूचीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही हेतु शासन स्तर पर अविलंब प्रेषित करें। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों का चिन्हांकन करते हुए वहां पर भी ग्रामीणों को समुचित सहायता पहुंचाई जाये। मंत्री समूह द्वारा ग्रामीणों से सद्व्यवहार पर ग्रामीणों में आशा की नई किरण दिखाई दी। लोग एक दूसरे से चर्चा करते देखे गए कि हो सकता है देर सबेर उन्हें बाढ़ एवं कटान से कुछ राहत मिलेगी। साथ ही राहत सामग्री वितरण एवं अन्य अनुमन्य सहायता मिलने में भेदभाव से निजात मिलेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, उपजिलाधिकारी बिसवां पीएल मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मधु गैरोला, तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय, खंड विकास अधिकारी रजनीश कुमार शुक्ला, सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण करने के लिए पूर्व निर्धारित स्थान पर ही गयेः रेउसा (सीतापुर)।(आरएनएस )। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मारूबेहड़ पहुंचे। मंत्री समूह द्वारा जलभराव क्षेत्र में जाने की बात पर अधिकारियों द्वारा पूर्व निर्धारित स्थान जैतहिया ले जाया गया। जहां पहुंचते ही मंत्री समूह ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यहां तो पहले ही तैयारियां पूरी कर ली गई होंगी। यहां क्या देखना है इतना सुनते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और जंगल टपरी चलने की बात कही गई। वहां से निकलने पर मंत्री समूह बाढ़ से बर्बाद धान की फसल युक्त खेत में जा खड़े हुए और अधिकारियों को आइना दिखाते हुए कहा कि सब कुछ तो बर्बाद हो गया है। फिर तीस प्रतिशत बर्बाद फसल वालों को मुआवजे की बात कहां से आ गई। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 22 अक्टूबर तक प्रत्येक दशा में सर्वे कराते हुए पीड़ितों को हर सम्भव सहायता प्रदान की जाये। मंत्री समूह ने चेताया कि लेखपालों द्वारा सर्वे कार्य में भेदभाव बरता जाता है जो कतई क्षम्य नहीं है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन का आयोजन

मानपुर (सीतापुर)(आरएनएस )। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में दो दिवसीय कार्यक्रम "पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा, ललित श्रीवास्तव (चंचल), के साथ-साथ उप-कृषि निदेशक श्रवण कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. सिंह एवं उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अख्तर हुसैन ने प्रतिभाग किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना दृ'एक राष्ट्र एक उर्वरक का शुभारंभ करते हुए इस योजना के तहत, प्रधानमंत्री भारत यूरिया बैग भी लॉन्च किया, जो निश्चित तौर पे उर्वरक निर्माता कंपनियों को एकल ब्रांड नेम "भारत" के तहत उर्वरकों के विपणन में मदद करेगा। कार्यक्रम के दौरान किसानों के कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मान निधि की 12वीं किश्त भी जारी किये। कृषि विज्ञान केंद्र में इस कार्यक्रम के तहत किसानों को सम्बोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने किसानों के सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार की दूरदर्शी योजनाओं विस्तार से चर्चा करते हुए कृषको की आमदनी दोगुनी करने हेतु कृषि में विविधीकरण पर जोर देने को कहा एवं इसके तहत फलों की खेती, सब्जी, बागवानी,, कृषि आधारित उद्यमिता, तथा दलहन व तिलहन का नाम सुझाया, उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा किसान मेला व कृषि विभाग ,उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण विभाग ,पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में कृषको से प्रमुखता से भागीदारी करने की अपील की। विधायक बिसवाँ निर्मल वर्मा ने कृषि में लागत कम करने हेतु सोलर पंप तथा सोलर ऊर्जा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कृषको को विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त हो रही सोलर ऊर्जा पर सब्सिडी के माध्यम से सोलर पंप लगाने का सुझाव दिया जिससे कृषि में लागत कम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक व जैविक खेती के बारे में कृषको को जागरूक होना चाहिए जिससे अपनी मिट्टी में सुधार कर सकें और कृषि में होने वाले लागत को कम कर सकें। उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओ और कृषकों हेतु उपलब्ध अनुदान पर विस्तार से वार्ता कि गयी। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा 100 कृषकों का समूह 2 बसों के माध्यम से नई दिल्ली के लिये भेजा गया है। कार्यकम में सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, विभागीय अधिकारियो एवं कृषक उत्पादन संगठक के सदस्यों समेत कुल 438 लोगों ने प्रतिभाग किया।

## हिंदी के आठ साहित्य व भाषासेवी सम्मानित

सीतापुर।(आरएनएस ) हिंदी दिवस को संघर्ष क्रांति के रूप में सीधे प्रसारण मंच से हिन्दी भाषा और साहित्य पर आधारित भारत देश में आजादी के बाद संघर्ष और क्रांति विषयक विचार गोष्ठी एवं हिंदी काव्य जीवंत संध्या में हिंदी साहित्य परिषद के मंच से जैगुआर सैलुशन स्टूडियों समाजसेवी मीडिया मंच के निदेशक कर्म0 हिन्दी भाषा सेवी चंदन वैश्य व कुशाग्र दीक्षित संयोजक ने अवधेश शुक्ल अवधेश अध्यक्ष व उद्घोषक सूत्रधार द्वारा आठ साहित्यिक कवियों को सारस्वत सम्मान हिंदी संघर्ष क्रांति दिवस 14 सितम्बर मनाते हुए प्रदान किया। इस मौके पर छाया त्यागी, विपिन बिहारी, मुजीब सीतापुरी, सुधांशू त्रिवेदी, इब्ने यासीन, मंजर यासीन, आनंद रस्तोगी आदि आठ लोगों को सम्मानित किया गया।

## बाढ़ पीडितों की हर सम्भव मदद करेगा न्याय एक संकल्पः अध्यक्ष राम कृष्ण पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। न्याय एक संकल्प के अध्यक्ष राम कृष्ण पाण्डेय ने क्ड से बात कर बाढ़ में दवा आदि उपलब्ध कराने को कहा और अपने घर 200 लोगों को रोकने के लिए भी कहा। पाण्डेय ने जिलाधिकारी संजीव रंजन से बात कर ग्राम टडिया दवा एवं नाव की व्यवस्था करने के लिए कहा जिलाधिकारी ने राम कृष्ण पाण्डेय से बात करके तहसीलदार सदर से तुरंत व्यवस्था करने के लिए कहा, ग्राम टडिया निवासी विजय भान मिश्र के द्वारा फोन कर दवा के अभाव में 2 लोगों की मृत्यु की सूचना दी गई और प्रशासन तथा किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा अभी तक कोई हालचाल नहीं लिया गया जिस पर राम कृष्ण पाण्डेय ने कहा कि हर संभव मदद की जाएगी और तहसीलदार तथा जिलाधिकारी से भी पाण्डेय ने जोगिया, बड़गो, बंगरा सहित सभी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के बारे में प्रशासन से मदद करने के लिए कहा,पाण्डेय ने अधिकारियों से बात कर यह भी कहा कि यदि कोई हमारे घर रुकना चाहे तो 200 लोगों की व्यवस्था पाण्डेय स्वयं करेंगे और हमेशा न्याय एक संकल्प लोगों के मदद के लिए खड़ी है।

# धरती का एक बड़ा अद्भुत सिद्धांत है, व्यक्तिगत धर्म का सम्मान कम करें, सामाजिक धर्म का सम्मान अधिक करें: पूज्य प्रेम भूषण जी महाराज

हरदोई(आरएनएस )।इस धरती का एक बड़ा अद्भुत सिद्धांत है, व्यक्तिगत धर्म का सम्मान कम करें, सामाजिक धर्म का सम्मान अधिक करें।सात्विक संकल्प में विकल्प नही ढूंढे,संकल्प को पूरा करें। सनातन धर्म का सिद्धांत है कि जो बोएगा वह काटेगा,जो अकर्मण्य हैं वे ही गरीब।कोई व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष नहीं होता है, पंथनिरपेक्ष, संप्रदाय निरपेक्ष ही हो सकता है।चमत्कार पर भरोसा नहीं करना चाहिए भगवान पर ही भरोसा करें।क्यों कि मनुष्य का जीवन दुख और सुख के आवागम में व्यतीत हो जाता है। दुख का एक-एक पल पहाड़ जैसा लगता है और सुख कब आकर चला जाता है, उसका पता ही नहीं चलता है। स्थायी सुख की प्राप्ति केवल प्रभु की कृपा से ही प्राप्त हो सकती है। मानस मर्मज्ञ एवं श्रीराम कथा गायन के लिए विश्व प्रसिद्ध प्रेममूर्ति पूज्य प्रेम भूषण जी महाराज ने कैम्ब्रिज स्कूल के प्रांगण में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिन कथावाचन करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने स्वीकार धर्म को अपना लिया, वह किसी भी परिस्थिति मे दुखी नहीं होगा और न ही खुश। सदा कहने का अभ्यास करें, प्रभु आपकी बड़ी कृपा है। राज्य मंत्री रजनी तिवारी जी के पावन संकल्प से चल रही कथा में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म की कथा और आगे प्रसंगों का वर्णन करते हुए पूज्य श्री ने कहा कि सनातन धर्म में प्रभु कृपा प्राप्ति के दो सरल मार्ग बताए गए हैं। पहला मार्ग है कि कोई संत महात्मा या सद्गुरु कृपा करके भगवान से आप पर कृपा करा दे और दूसरा मार्ग है शरणागत का ।जब हम भगवान की शरण में सच्चे हृदय से समर्पित हो जाते हैं तो फिर प्रभु कृपा करते ही हैं।

भगवान की बाललीला का वर्णन करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा कि सनातन धर्म पर निरंतर हमले होते रहे हैं, लेकिन सनातन धर्म का कुछ भी नहीं बिगड़ा है। आज स्थिति ऐसी है कि यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में हरे रामा, हरे कृष्णा का संकीर्तन चल रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि केवल दस वर्षों में सनातन धर्म का परचम पूरी दुनिया में फहराएगा। हमें अपने भारत में छोटे-छोटे अंतर विरोधों को भुलाकर विश्वास में रहने की आवश्यकता है। सनातन धर्म के लोगों को उदासीन भी नहीं रहना चाहिए। निरंतर भजनों में लगे रहना चाहिए। पूज्य महाराज जी ने कहा कि मनुष्य का शरीर स्वर्ग, मोक्ष और नर्क ये तीनों प्राप्त करने का साधन है। अब हमें यह तय करना है कि हमें अपने जीवन में क्या प्राप्त करना है। उदाहरण देते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवान के पास पेन रख देने से परीक्षा में सफल नहीं हो सकते हैं। इसके लिए स्वयं परिश्रम कर विषयों को अच्छी तरह याद करना होगा। चमत्कार से दूर रहने की चेतावनी देते हुए पूज्य श्री ने कहा कि सनातन धर्म अपने कर्म पर और धर्म के अनुसार आचरण पर ही चला है, चमत्कार के बहकावे में केवल धोखा ही मिलता है। कथा गायन के क्रम में पूज्य श्री ने दर्जनों सुमधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और झूमने के लिए बाध्य कर दिया। कथा आयोजन में उपस्थित होने वाले विशिष्ट अतिथियों में राकेश राठौर गुरु राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू', अशोक अग्रवाल जी, मंत्री धर्मपाल जी, जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा, कृपाल साधक डा. राजेन्द्र दत्त मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, श्रीमती प्रेमावती पी. के. वर्मा. अध्यक्ष जिला पंचायत आदि उपस्थित रहे।।

## बेनीगंज, कछौना नगर पंचायत एवं गोपामऊ, पाली नगर पालिका की बैठक संपन्न

हरदोई(आरएनएस )।निकाय चुनाव के दृष्टिगति बेनीगंज, कछौना नगर पंचायत एवं गोपामऊ, पाली नगर पालिका की बैठक मुख्य अतिथि क्रमशः जिलाध्यक्ष भाजपा सौरभ मिश्र और जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन एवं अनुराग मिश्र के मौजूदगी में सम्पन्न हुई। चुनाव संयोजक, चुनाव प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी, मतदाता सूची प्रमुख, बूथ प्रबंधन प्रमुख गणों की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा वैसे तो कहा जाता है कि भाजपा लगातार चुनावी मोड में रहने वाली पार्टी है और जब चुनाव आते हैं तब तो पार्टी अन्य पार्टियों से चुनाव में मीलों आगे निकल चुकी होती है। मैं सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं सदैव अपनी बढ़त काम ना होने दें। मतदाता सूची एवं बूथ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही मंडल कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क का सघन अभियान चलाते रहना है। पार्टी नेतृत्व की योजना के अनुसार सभी नगर निकाय की तैयारी हो जाये इतने से भाजपा जिले की सभी निकायों में जीत का परचम अवश्य लहरायेगी। जिलाध्यक्ष के साथ बैठक में जिला संयोजक निकाय प्रकोष्ठ उमेश अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## निराश्रित गोवंशों के साथ जनपद के सभी पशुओं का टीकाकरण किया जाएः मंत्री

हरदोई(आरएनएस )। विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास श्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में लंपी स्किन डिजीज की रोकथामध्उपचार एवं निराश्रित गोवंश संरक्षण के संबंध में बैठक हुई। समीक्षा के दौरान मंत्री ने बीमारी से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। पशुओं के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने में पशु चिकित्सकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तन्मयता से करें। निराश्रित गोवंशों के साथ जनपद के सभी पशुओं का टीकाकरण किया जाए। सभी लोग गाय के गोबर से बने दीपक को जलाये तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों से बचाव के टीके लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि देशी गाय का दूध अमृत के समान होता है। दूध की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इसके लिए सेक्सीमन का प्रयोग किया जाए। कृषकों को मुर्रा भैंस का भी सीमेन दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में लहरेगा भाजपा का परचमःउपेन्द्र प्रताप सिंह

## नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा बर्डपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत कपिलवस्तु के चुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में बर्डपुर नगर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के बूथ अध्यक्ष, वार्ड संयोजक, सह संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। निकाय चुनाव बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारीधजिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है जिसकी बदौलत आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में है। उन्होंने कहा की। नगर पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने हेतु हमारी रणनीति तैयार होनी चाहिए जिसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से लगना होगा। उन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मिले प्रचण्ड बहुमत का श्रेय भी कार्यकर्ताओं को दिया और कहा की कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं जनता के आशीर्वाद से निश्चित ही नगर पंचायत कपिलवस्तु में भाजपा का परचम लहराएगा। इस दौरान जिला महामंत्री विपिन सिंह ने मतदाता अभियान के साथ ही वार्ड से बूथ वार बैठक संपन्न करा लेने पर जोर दिया। मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक ने स्थानीय निकाय चुनाव भारी बहुमत से जीत पाकर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का मार्ग प्रशस्त करने को कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया। वहीं संयोजक अजय उपाध्याय ने आगामी अभियान एवं कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, अरविन्द उपाध्याय, ओमप्रकाश यादव, खलीक रहमान, अमित उपाध्याय, विवेक गोस्वामी, सबलू साहनी, चंद्र प्रकाश धर द्विवेदी, श्याम प्रकाश जयसवाल, अभिषेक कसौधन, संतोष उपाध्याय, सतीश जयसवाल, श्यामबिहारी मिश्रा, धीरज मिश्रा, हरीश पटेल, निशांत पाण्डेय, मोतीलाल, गणेश जयसवाल, विनय कुमार, गोविन्द दुबे, परशुराम साहनी, रामकेवल गुप्ता, आशीष मिश्रा, किशोरीलाल जयसवाल आदि मौजूद रहे।





# सपा नेता उग्रसेन सिंह ने शोहरतगढ़ कछार क्षेत्र का जाना हाल

## *किया राहत सामग्री का वितरण*

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन प्रताप सिंह ने शोहरतगढ घ्के जोगीबारी, पिपरहवा, मुर्गहवा, जनकपुर, कोईलीघाट, सबुआ, सबुई, देवरिहवा, हाडाहवा, टेडिया,





करौना समेत दर्जनों गाँव पहुँचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों में राहत सामग्री भुजा, लाई, चना, बिस्कुट, माचिस, कैंडिल, पानी पैकेट उपलब्ध करा सभी का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उग्रसेन सिंह ने कहा की इस कछार क्षेत्र मे आयी भारी बाढ़ की तबाही मे शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की तरफ से अभी तक न कोई राहत सामग्री और न तो एक स्टीमर की व्यवस्था करायी गयी है। जबकि इस क्षेत्र में बाढ़ से पीड़ित लोगो का जनजीवन पूरी तरह से रुका हुआ है। इस दौरान वीरेंद्र तिवारी, रामूयादव, विष्णु उमर, दीपांकर सिंह, विषम्भर निषाद, नागेश्वर मिश्र, रामस्वरूप पांडेय, जब्बार अली, मो.रजा समेत तमाम लोग उपस्थित रहें।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों से मिले जलशक्ति राज्यमंत्री

## जनता के बीच मौजूद रहे शासन प्रशासन, लापरवाही क्षम्य नहीं : दिनेश

रुद्रपुर/बरहज/मईल। जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटिक ने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। बाढ़ पीड़ितों से मिल कर उन्होंने बंधे और नदियों के जलस्तर का हाल जाना। राज्यमंत्री ने सिलहटा–करनपुरा बांध, पटवनिया, केवटलिया, मदनपुर, गायघाट के पीड़ितों से मिलकर उनमें राहत सामग्री बांटी। केवटलिया पहुंचे जलशक्ति मंत्री को क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद ने बाढ़ से प्रभावित हालात से अवगत कराया। करनपुरा–सिलहटा बांध पर पायलट प्रोजेक्ट कार्य से बंधा मजबूत स्थिति में है। बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों को लगातार निगरानी करने रहने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ पीड़ितों को दिक्कतें हुईं तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, सदानंद सिंह, सुनील कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

उधर, बरहज और मईल कार्यालय के अनुसार जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटिक ने क्षेत्रीय विधायक दीपक मिश्र शाका और अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित मईल के बकुची, भदिला प्रथम और मदनपुर के पटवनिया गांव का दौरा किया। जहां लोगों से सरकार की ओर से मिलने वाले राहत सामग्री के अलावा आवागमन के लिए लगाए गए नाव आदि के बारे में जानकारी ली। राज्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों के लिए शासन की ओर से मुहैया कराए गए लाभ का ब्योरा लिया। साथ ही बाढ़ के पानी से डूबी फसल के नुकसान का आकलन कराने के लिए कहा। इस मौके पर डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम गजेंद्र सिंह, सीओ पंचम लाल, थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, मईल सुभाष चंद्र पांडेय, अरविंद सिंह, वीरेंद्र चौधरी, शक्ति सिंह, अनुज चौधरी आदि मौजूद रहे।

**बाढ़ग्रस्त गांवों में नाव से पहुंच रहे स्वास्थ्यकर्मीः** बरहज/देवरिया। जिले के बरहज ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) महेन के अंतर्गत आने वाले तीन गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। इससे कई संपर्क मार्गों पर पानी आने और जगह–जगह मार्ग उखड़ कर बहने से आवागमन बाधित हो गया है। ऐसी स्थिति में सोलह हजार की आबादी के बीच नाव से पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मी बाढ़ पीड़ितों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

विकास खंड क्षेत्र के महेन पीएचसी क्षेत्र के परसिया देवार में तकरीबन सात हजार की आबादी, विशुनपुर देवर में छह हजार की आबादी और भदिला में तीन हजार की आबादी है। नदी के पानी के चलते इन गांवों से संपर्क टूट गया है। इन क्षेत्रों में डायरिया की आशंका बनी हुई है। एमओआईसी के नेतृत्व में इन गांवों में नियमित टीकाकरण और लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तीन टीमें तैनात की गईं हैं। टीम में एक चिकित्सक व एक फार्मासिस्ट, आशा, एएनएम नाव से पहुंच रहे हैं। एमओआईसी डॉ. हरेंद्र कुमार ने बताया कि सर्दी, खांसी, जुकाम, चर्म रोग, उल्टी, दस्त, बुखार से पीड़ित मरीजों को दवाओं का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी प्रतिदिन तीनों गांवों में करीब 1500 लोगों का इलाज कर रहे हैं। बाढ़ग्रस्त गांवों पर विशेष नजरः सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि बाढ़ग्रस्त इलाकों में दवाओं की भरपूर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ क्षेत्रों में एंबुलेंस तैनात की गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उनका प्रयोग हो सके। चिकित्साधिकारी और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि बाढ़ग्रस्त गांवों में दवा लेकर नाव से पहुंचे और राहत पहुंचाएं। इन क्षेत्रों में डायरिया की आशंका रहती है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में दवा लेकर स्वास्थ्यकर्मी गांवों में पहुंच रहे हैं। मैं स्वयं इन गांवों में पहुंचकर स्थिति की जानकारी ले रहा हूं।

# 24 घंटे में सरयू के जलस्तर में आई 35 सेमी की कमी

बरहज। सरयू नदी पिछले दो दिनों से तेजी से पीछे हट रही है। पानी खाली होने पर टूटी सड़कें बाढ़ की तबाही की गवाही दे रही हैं। पिछले 24 घंटे में नदी के जलस्तर में 35 सेमी कमी दर्ज की गई है। जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो गई है। सरयू में उमड़ रहे सैलाब के कारण नदी पिछले करीब एक सप्ताह से तबाही मचाने पर आमादा थी। नदी खतरे के निशान 66.50 से 1.65 मीटर ऊपर 68.15 मीटर पर बह रही थी। खेत–खलिहान, घरों, सड़कों तक नदी के पहुंचने के कारण चारों ओर पानी गया था। नदी के पीछे हटने से तटवर्ती गांवों के लोग कुछ हद तक राहत महसूस की है। लेकिन सड़कों पर उमड़ने वाले सैलाब की गवाही बरहज–कपरवार के बीच रामजानकी मार्ग, बिनवापुरी के निकट रुद्रपुर जाने वाली सड़क सहित करीब दो दर्जन संपर्क और मुख्य सड़कें बदहाल हो गई हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों में जलभराव जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो गई है। उनसे उठने वाली दुर्गंध के कारण जीवन मोहाल हो गया है। वहीं, संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय सता रहा है। परसियां–विशुनपुर देवार के अलावा कटइलवा, कोटवां का मल्लाह टोला, नौका टोला, मठियां, बेलडॉड, परसियां तिवारी, कुवाईच टोला, भदिला प्रथम, महेन, गोरखपुर के कोलखास आदि गांवों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। बाढ़ से प्रभावित गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप है। इससे लोग अंधेरे में जीवन काट रहे हैं। वहीं, इलेक्ट्रानिक उपकरण और मोबाइल सेवा बाधित हो गई है। बेमौसम आई बाढ़ को लेकर राहत के बाद भी लोगों के चेहरों पर खौफ दिखाई दे रहा है। इस संबंध में सहायक अभियंता अशोक द्विवेदी ने कहा कि जलस्तर में तेजी से कमी आ रही है। जल्द ही हालात सामान्य हो जाएंगे।

# दवा छिड़काव करने गए सफाई कर्मी की पिटाई

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के सिसवार गांव में कीटनाशक दवा छिड़काव करने गए एक सफाई कर्मी की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। दवा समाप्त होने से नाराज आरोपियों द्वारा हमला करने की बात कही जा रही है। पीड़ित ने इसकी सूचना पहले विभाग के उच्चाधिकारियों को दी। फिर थाने पहुंच तहरीर दी। उधर, सूचना के बाद एडीओ पंचायत राजेश कुमार राय भी थाने पहुंच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस जांच–पड़ताल कर रही है। परसिया मिश्र निवासी विरेंद्र कुशवाहा विकास खंड भलुअनी अंतर्गत सिसवार गांव में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत हैं। विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में वह सिसवार गांव में खर पतवार नाशक दवा का छिड़काव कर रहे थे। आरोप है कि एक व्यक्ति के दरवाजे पर उसकी मां के कहने के अनुसार दवा छिड़काव कर दिया। इसी बीच दवा समाप्त हो गई। फिर उन्होंने अन्य स्थानों पर छिड़काव के लिए कहा। मैंने मंगलवार को छिड़काव करने की बात कही। इसके बाद वह अपने बेटे से पता नहीं क्या बोली। वह घर से लाठी–डंडा लेकर निकला और मेरे ऊपर हमला बोल दिया। घटना के दौरान उसके साथ दो–तीन लड़के और थे। मारपीट में मुझे गंभीर चोटें आई है। उधर, घटना की खबर मिलते ही एडीओ पंचायत राजेश कुमार राय भी थाने पहुंच गए। पीड़ित ने तहरीर दी है। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में साथियों ने कर दी थी चालक की हत्या, पांच गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। पुरानी रंजिश के चलते पांच साथियों ने ही अभय यादव की हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही शव ठिकाने लगाने में प्रयुक्त ट्रक को भी बरामद कर लिया है। युवक का शव कुर्ना नाला में . मिला था। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बलियवां गांव निवासी अभय यादव (28) पुत्र रामजतन पत्नी से कहासुनी के बाद घर से नाराज होकर निकल गया था। भाई अनिल यादव की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। रामपुर कारखाना एसआई महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, कोतवाल सदर मृत्युंजय कुमार व एनडीआरफ की टीम ने युवक का शव सरौरा पुल के नीचे से बरामद किया। मृतक के भाई ने लेन–देन में युवक की हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया। हत्या के आरोप के बाद हरकत में आई पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर छह को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक की रंजिश के चलते हत्या की बात सामने आई। पुलिस ने ओमप्रकाश उर्फ गुड्डू, इसराइल अंसारी, नागेंद्र सिंह, उमेश यादव और रामप्यारे को गिरफ्तार कर लिया। रामपुर कारखाना पुलिस ने पांचों आरोपियों को हत्या और शव छिपाने के मुकदमे में न्यायालय भेजा। एसआई महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि छानबीन के बाद हत्या का मामला प्रकाश में आया। शव ठिकाने लगाने वाले ट्रक को भी बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में घटना का खुलासा हुआ है। दस अक्तूबर की रात में अभय कुछ साथियों के साथ सदर रेलवे स्टेशन पर आया था। इसके बाद बैट्री चोरी करते पकड़ा गया तो आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। इसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रक से शव ले जाकर कुर्ना नाले के पास फेंक दिए थे। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शास्त्रीय गायन में कशिश, संगीत में आनंद प्रथम

परतावल। स्थानीय पंचायत इंटर कॉलेज में जनपदीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के संगीत गायन, नाटक और चित्रकला से संबंधित छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को लोक कला से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक जयंती त्रिपाठी ने की। प्रधानाचार्य डॉ. दीनबंधु शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन में पंचायत इंटर कॉलेज परतावल की छात्रा कशिश शुक्ला, पारंपरिक लोक संगीत में पंचायत इंटर कॉलेज के अनूप गुप्ता तथा हाजी अजहर इंटर कॉलेज उसका पनियरा की सुमित्रा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत वादन एवम वाद्य में दिग्विजय नाथ इंटर कॉलेज चौक के आनंद श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य में पंचायत इंटर कॉलेज की दिव्या पटेल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। लोक नृत्य की पारंपरिक विधा में पंचायत इंटर कॉलेज के विकास चौरसिया तथा बालिका वर्ग में संध्या जायसवाल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एकल नाटक अभिनय में पंचायत इंटर कॉलेज की रोशनी गौड़ को पहला स्थान प्राप्त हुआ। द्विआयामी दृश्य कला में अवि पटेल और रूपल पटेल को पहला स्थान प्राप्त हुआ। त्रिआयामी दृश्य कला में पंचायत इंटर कॉलेज की ही खुशी कन्नौजिया को पहला स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार पांडेय, डॉ विनय यादव, विनोद कुमार राव, सौरभ कुमार पाठक, डॉ अंशुमान त्रिपाठी, दिग्विजय यादव, दीपंकर पांडेय, परमेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक अजीत कुमार श्रीवास्तव ने की।

# उल्टी–दस्त के बढ़ते मरीजों को देख मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क

### एमसीएच विंग में बनेगा बीस बेड का वार्ड, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ की रहेगी तैनाती

देवरिया। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में उल्टी–दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने से मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया है। मरीजों के बेहतर इलाज की सुविधा के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत अलग से वार्ड बढ़ाया जाएगा। वहीं, चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ को तैनात करने के साथ ही दवा व अन्य सामान उपलब्ध रहेंगे।

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की इमरजेंसी में उल्टी–दस्त से पीड़ित मरीजों की भीड़ हो जा रही है। इससे मरीजों के इलाज में दिक्कत आ रही है। वहीं, वार्डों में भी बेड भर जा रहे हैं। छुट्टी होने के साथ ही मरीज पहुंच जा रहे हैं। इसे देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया है। मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तैयारी की गई है। इसके मद्देनजर जिला महिला अस्पताल स्थित एमसीएच विंग में के प्रथम तल पर बीस बेड के अस्थायी वार्ड बनाने की तैयारी है। यहां उल्टी–दस्त के मरीजों का इलाज किया जाएगा।

वार्ड में जूनियर रेजिडेंट तथा स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वॉय सहित अन्य कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही ओपीडी में मेडिसिन विभाग के चिकित्सक आन काल उपलब्ध रहेंगे। वार्ड में ऑक्सीजन, दवा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को बेड के लिए परेशान न होना पड़े और उन्हें इलाज की बेहतर सुविधा मिल सके।

# स्किल लैब में मेडिकल के विद्यार्थी करेंगे पढ़ाई

देवरिया। मेडिकल कॉलेज में स्किल लैब स्थापित करने की कवायद तेज कर दी गई है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त लैब में एमबीबीएस के विद्यार्थी मरीजों के इलाज के गुर सीखेंगे। इसमें इंजेक्शन लगाने, हृदय को पंप करने सहित शरीर के विभिन्न अंगों के क्रिया–कलापों व उपचार के तरीकों सहित अन्य जानकारी को व्यावहारिक रूप से सीखेंगे। इस लैब पर तकरीबन एक करोड़ रुपये खर्च आएगा। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई चल रही है। एमबीबीएस पहले साल में सौ विद्यार्थी हैं। ये अब द्वितीय वर्ष में चले जाएंगे। इस वर्ष विद्यार्थियों को मरीजों का इलाज करने की पढ़ाई भी करनी होती है। इसमें मरीज के प्राथमिक उपचार से लेकर अन्य तरीकों के बारे में जानकारी के साथ ही प्रैक्टिकल कराया जाता है, जो स्किल लैब में होगा। इस लैब में चिकित्सा से संबंधित तकनीकी ज्ञान कराया जाता है। लैब के निर्माण के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। प्रशासनिक भवन में हॉल तैयार हो गया है। अब उसे संसाधनों से लैस करना है। उसके लिए बजट का इंतजार है। उम्मीद है कि जल्द लैब तैयार हो जाएगी। लैब में मनुष्य के शरीर के मॉडल के अलावा विभिन्न अंगों के मॉडल मौजूद रहेंगे। इस पर विद्यार्थी प्रैक्टिकल करेंगे। लैब में किसी घटना व दुर्घटना के समय पीड़ित का प्राथमिक उपचार करने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इसके अलावा हड्डी टूटने, दुर्घटना में घायल सहित रास्ते में कोई अचानक गिर जाए तो बेसिक सपोर्ट के जरिये इलाज करने के बारे विद्यार्थियों को जानकारी देने के साथ ही मॉडल पर प्रैक्टिकल कराया जाएगा, ताकि उसकी झिझक दूर हो सके और मरीजों की अच्छी तरह सेवा कर सके। लैब में यह होगी पढ़ाईः देवरिया। स्किल लैब में मेडिकल के विद्यार्थी इंजेक्शन लगाने, बैंडेज करने के अलावा हड्डी टूटने पर तत्काल राहत देने के लिए सपोर्ट लगाने की जानकारी मॉडल के जरिये दी जाती है। अंतिम सांस ले रहे व्यक्ति को सीपीआर (हर्ट को पंप करने) करने तथा विभिन्न प्रकार के इंजेक्शन चमड़ी के नीचे, अंदर, मांसपेशी, नस में लगाने का प्रैक्टिकल कराया जाएगा। चमड़ी में टांका, यूरिन बैग, परिवार नियोजन के साधन लगाने का अभ्यास कराया जाएगा। बच्चे के ठोस चीज निगलने पर सपोर्ट देने तथा महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर की जांच करने के बारे में बताया जाएगा।

# जनता इण्टर कालेज, दुबौली, गोरखपुर में तहसील स्तरीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। बांसगांव तहसील क्षेत्र के जनता इण्टर कालेज, दुबौली, गोरखपुर में तहसील स्तरीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लगाकर विद्यालय के शिक्षक अमित गुप्ता व अनुज सिंह ने तथा साफा बांधाकर और अंग वस्त्र पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर प्राचार्य व प्रबंधक ने स्वागत किया। निर्णायक (रेफरी)



प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया तथा विशिष्ठ अतिथि जि.वि.नि. कार्यालय के बरिष्ठ बाबू शिवचरन यादव, महुजा इं. का. के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार राय के साथ विद्यालय के प्राचार्य एवं जनपदीय, मंडलीय संयोजक कुश्ती, डॉ. निर्भय कुमार द्विवेदी तथा प्रबंधक प्रतिनिधि सुभाष राय द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प गुच्छ अर्पित कर अखाड़े का फीता काटकर, सरस्वती वंदना के बाद खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। सभी मंचासीन गणमान्य लोगों को बैज मण्डल में शत्रुघ्न राय राष्ट्रीय पहलवान एन. ई. रेलवे कुश्ती कोच गोरखपुर तथा गिरधारी लाल राष्ट्रीय पहलवान, पंकज जी, शेषनाथ पहलवान रहे। कार्यक्रम का संचालन शम्भूनाथ राय, राम सेवक प्रसाद, रघुनाथ उपाध्याय ने किया। प्रतियोगिता में गोरखपुर के सभी तहसीलों के विद्यालयीय कुश्ती संयोजक प्रातः 10 बजे अपने कुश्ती के पहलवानोंधखिलाड़ियों को पात्रता–प्रमाण–पत्र 04 प्रतियों में एवं जन्म प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड व पिछली कक्षा का अंकपत्र के साथ टीम मैनेजरों ने विद्यालय के व्यायाम शिक्षक संतोष सिंह से मिलकर खिलाड़ियों का नाम दर्ज कराया। प्राचार्य ने बताया कि विजयी सभी पहलवान जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। 19 वर्ष बालक वर्ग में फ्री स्टाइल सीनियर वर्ग 57 किलो भारवर्ग में रोहित प्रजापति, 61 में विष्णु पासवान, 65 में शेषनाथ यादव, 70 में ऋषभ यादव, 74 में रामकिशुन, 79 में शशिकांत राय, 86 में बृजेश यादव, 92 में नितेश यादव, 97 में विकास यादव विजई हुए। 17 वर्ष बालक वर्ग में फ्री स्टाइल जूनियर वर्ग 45 किलो भारवर्ग में अर्जुन पासवान, 48 में साहिल, 51 में योगेश, 55 में संजय, 60 में कर्मबीर, 65 में विकेश कुमार, 71 में सचिन कुमार, 80 में रोहित यादव, 92 में बृजेश कुमार यादव, 110 में पवन सिंह विजई हुए। 14 वर्ष बालक वर्ग में फ्री स्टाइल सब जूनियर वर्ग 35 किलो भारवर्ग में कृष्णा यादव, 38 में सुंदर यादव, 41 में अरनव प्रजापति, 44 अंकित पाल, 48 में विकास, 52 में अंशू गुप्ता, 57 में अजय पाल, 62 में विशाल, 68 में अभय, 75 में अविनाश राय विजेता रहे। बालिका वर्ग में 50 किलो भारवर्ग में श्रेया सिंह, 53 किलो भार वर्ग में हेमा यादव विजयी रहीं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सुरेश तिवारी, बैरिस्टर सिंह, सुरेश चौरसिया, नीरज कुमार, करुणा शंकर मिश्र, हीरालाल, अमित गुप्ता, अब्दुल करीम अंसारी, पुष्पा दीक्षित, प्रिया गुप्ता, स्वाति सिंह, संजय सिंह मौजूद रहे।

# पिता के हाथ से मासूम को छीनकर दीवार से सिर लड़ाया, मौत

देवरिया। शहर के साकेतनगर पूर्वी मोहल्ले में सुबह रास्ते के विवाद में एक मासूम की कुछ लोगों ने पिता के हाथों से छीनकर दीवार से सिर लड़ाकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा–तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच–पड़ताल में जुट गई है। सदर कोतवाली के साकेत नगर मोहल्ला निवासी राजन जायसवाल सुबह करीब साढ़े नौ बजे डेढ़ साल के पुत्र कान्हा की तबीयत खराब होने पर गोद में लेकर इलाज के लिए घर से निकले थे। घर के पास सड़क पर पानी भरा हुआ था। वह बगल के रास्ते पर चली दीवार को पार कर जा रहे थे। इसी दौरान दीवार खड़ी करने वाले एक व्यक्ति का राजन से विवाद हो गया। दोनों लोगों के बीच कहासुनी होने लगी और हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि उस व्यक्ति ने कान्हा को पिता के हाथ से छीन लिया और दीवार से उसका सिर लड़ा दिया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घायल पुत्र को लेकर पिता जिला अस्पताल की इमरजेंसी पर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। कान्हा की मां की 26 सितंबर को मौत हो चुकी है। इस संबंध में कोतवाल मृत्युंजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तहरीर तो नहीं मिली है, लेकिन पिता ने आरोप लगाते हुए शिकायत की है। मंगलवार को तहरीर देने की बात पीड़ित ने कही है। घटना को लेकर उठे रहे सवालः देवरिया। जिस पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है, उस पक्ष के एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने बैठाया है। उसने ही 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया था। आरोपी पक्ष का कहना है कि बच्चे की भोर में मौत हो गई थी। केवल रास्ते का विवाद है। इसी को लेकर फंसाने के लिए आरोप लगाया जा रहा है।

# काफी दिनों से चल रहे फरार अभियुक्त को गोला पुलिस ने किया गिरफ्तार

### कोतवाल गोला द्वारा बीते सितम्बर माह में किया गया था 82 की कार्यवाही



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला बाजार/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम डड़वापार चौराहे से मंगलवार की सुबह काफी दिनों से बांछित चल रहा बलात्कार का अभियुक्त गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलसर निवासी उमेश पासवान पुत्र स्व भोला पासवान को गोला पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त बिबरण के गोला थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराधा संख्या 20ध्21 धारा 376 504 506 406 आईं पी सी में काफी दिनों से चल रहे बांछित अभियुक्त तलाश में मंगलवार की सुबह कोतवाल गोला जयनारायण शुक्ला कांस्टेबल मनोज चौरसिया महिला कॉन्स्टेबल सुंदरी व मनीषा के साथ क्षेत्र में निकले थे। सुबह साढ़े नव बजे मुखबीर की सूचना पर डड़वापार चौराहे पर उक्त मुकदमे में बांछित अभियुक्त उमेश पासवान दिखाई पड़ा। गोला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चले कि इस प्रकरण में बीते 30 सितम्बर को कोतवाल गोला जयनारायण शुक्ला द्वारा तिलसर गांव पहुच कर 82 की कार्यवाही भी कर दी गयी थी। लेकिन उसके बाद भी न्यायालय में समर्पण नही किया। और फरार चल रहा था।

# गोला के सभासद दल नेता अशोक वर्मा ने बाढ़ पीड़ितों में किया राहत सामग्री का बितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। नगर पंचायत गोला के नेता सभासद दल व भावी भा ज पा चेयरमैन पद प्रत्याशी अशोक वर्मा ने अपने सहयोगियों के



साथ मंगलवार को वार्ड क्रमांक 14 रामामऊ नई बस्ती में पहुच कर बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री का बितरण किया। बाढ़ पीड़ितों में दूसरे दिन उनके साथ भा ज पा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल सत्यव्रत तिवारी रामानंद तिवारी दीपू जयसवाल सभासद प्रतिनिधि रामपुर गुप्ता विकास कसौधन सीताराम निषाद आशीष सूर्या गुलाब गुप्ता ओम प्रकाश वर्मा लालचंद भारती संजय जयसवाल शेरू जयसवाल शंकर निगम सोनू मौर्य अमित वर्मा गणेश गुप्ता साहिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाबा शंभू दास कुटी पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की श्रद्धांजलि का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। नगर पंचायत सतरिख में बाबा सम्भू दास कुटी पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, संरक्षक, समाजवाद की अलख जगाने वाले,पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पूर्व सभासद उमाकांत श्रीवास्तव के द्वारा आयोजित किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने सर्वप्रथम मन्दिर पर भगवान के दर्शन प्राप्त किए उसके बाद अपने नेता किसानों, गरीबों, अल्पसंख्यकों, के मसीहा, संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व रक्षा मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर



अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के महबूब नेता हम सबके दिल में बसने वाले श्रद्धेय नेता आज हमारे बीच नहीं हैं यह बहुत दुख की घड़ी है। मै नेता को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। नेता के जीवन को जितना पढ़ा जाए वह कम है। हमने आदरणीय नेता जी से राजनीति की शिक्षा प्राप्त की है उन्होंने इस देश और प्रदेश के लिए बहुत कुछ किया है नेता ने अपने मुख्यमंत्री काल में उत्तर प्रदेश का नक्शा बदल दिया था। नेता ने एक नारा दिया था। रोटी कपड़ा सस्ती होगी। दवा पढ़ाई मुफ्ती होगी। और उसको उत्तर प्रदेश में लागू करके दिखा दिया नेता अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता का ध्यान रखते थे। उन्होंने आगे कहा कि श्रद्धेय नेता ने छात्र नेताओं को बहुत सम्मान दिया है हम जैसे तमाम छात्र नेताओं को विधायक,सांसद, और मंत्री, बनाया। जब हम लखनऊ विश्वविद्यालय से छात्र संघ के महामंत्री थे तब नेता जी ने हम मिले थे और उस दिन के बाद से नेता जी ने हमको छात्र संघ का अध्यक्ष बनाया फिर हैदरगढ़ से मुख्यमंत्री के खिलाफ पार्टी से टिकट दिया और विधायक बनाया फिर मंत्री बनाया। नेता की कथनी करनी में कोई फर्क नहीं था। नेता को नमन करते हुए उनके चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। इस मौके पर मौजूद लोगों में पूर्व विधायक राम गोपाल रावत,राम नरेश वर्मा, हशमत अली गुड्डू, धर्मेंद्र यादव राहुल यादव शकील अहमद सिद्दीकी, कृष्ण कुमार रावत, वीरेन्द्र मौर्य प्रधान, दीपक सिंह प्रधान, राम मिलन यादव, लल्लू यादव प्रधान, अशोक यादव, दीपक यादव, सोनू यादव, रीना यादव, राम कैलाश यादव प्रधान, सोनू रावत, राम सेवक यादव, एवं सभासद प्रधान बीडीसी आदि सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी बीना ने लहराया जीत का परचम



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विद्यालय परिवार ने किया विजेताओं का सम्मान आठवें डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत सोमवार को डीएवी गेल औरेया में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी बीना ने यूपी जोन–ए में शानदार जीत का परचम लहराकर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। सीसीए कोआर्डिनेटर डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि डीएवी बीना की खो खो, कबड्डी बालक वर्ग एवं योग बालिका वर्ग की टीम ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपने दमखम और खेल प्रतिभा का परिचय दिया। फुटबाल बालक वर्ग में डीएवी बीना उपविजेता रहा। प्रभारी प्रधानाचार्य उर्मिला त्रिपाठी ने शानदार जीत की उपलब्धि को समवेत प्रयासों की जीत बताते हुए विजेता खिलाडियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर बधाई दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य ने विगत सप्ताह उ.प्र. संस्कृत संस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत नाटक, कथाकथन, गद्य वाचन प्रतियोगिता में सांत्वना और संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत श्लोक गायन में प्रथम आए विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन मनीषा गुप्ता, खेल शिक्षिका गुलफशा, खेल शिक्षक शशि प्रकाश, संतोष कुमार और लव शुक्ला द्वारा किया गया।

# नीलू रूँगटा ने बाढ़ प्रभावित गाँव में बितरण कराया खाद्यान्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। भारतीय मानवाधिकार परिवार के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार रुंगटा उर्फ नीलू रुंगटा ने अपनी टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर आदि गावों में बितरण हेतु बिस्कुट, पानी, कपड़ा आदि लेकर निकल पड़े। महदेइया गाँव के दक्षिण होकर जाने वाले गाँव बालानगर, कचरिहवा समेत लालपुर आदि में जब उन्हें आने–जाने का रास्ता नही मिला और न ही बोट मिली तो स्थानीय लोगों की मदद से चलने वाले नाव से मजबूरन क्षेत्रीय सुग्रीम यादव, सिंगर गौरी शंकर देहाती समेत ग्रामीणों की मदद से गाँव मे बिस्कुट, पानी आदि बितरण कराया। गाँव में खाद्यान्न बितरण कर रहे सुग्रीम यादव ने बताया कि बिजली समेत स्वास्थ्य सुविधाओं की संकट है, जिस पर उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मदद दिलाने की बात कही। इसके साथ ही भारतीय मानवाधिकार परिवार की टीम बसाहिया ग्राम पंचायत के टोला लक्ष्मी नगर में जरूरतमंदों को पकड़ा उपलब्ध कराया। उन्होंने लोगों की मदद करने के लिए अधिवक्ता रिपुंजय सहाय एवं अधिवक्ता संघ की सराहना की है। इस दौरान भारतीय मानवाधिकार परिवार जिलाध्यक्ष राजेन्द्र रूँगटा (नीलू) सुग्रीम यादव, गौरीशंकर देहाती, राजू बाबा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र निषाद, समाजसेवी डीके सिंह आदि मौजूद रहे।





# मिशन हरियाली द्वारा लोगों को किया जा रहा जागरूक






दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। मिशन हरियाली टीम द्वारा विद्यालय पहुंचकर बच्चों को जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी है। इस क्रम में देवा क्षेत्र के ज्योति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बटेहटा में हरियाली टीम द्वारा वृक्षारोपण कर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को जागरूक किया गया। और सभी बच्चों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया व प्रत्येक बच्चे को अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं अथवा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और परिसर में अम्रपाली आम, अमरूद अशोक मीठी नीम, अर्जुन गुड़हल, आदि छायादार, फलदार फूलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुनेश्वर बख्श वर्मा व प्रधानाध्यापक विष्णु कुमार वर्मा के साथ–साथ मिशन हरियाली टीम के सदस्य अनुज कुमार ,विवेक वर्मा, मिशन हरियाली के संयोजक विजय प्रताप सिंह (पर्यावरण प्रेमी) उपस्थित रहे व विद्यालय के प्रबंधक ने मिशन हरियाली टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण को चलाए जा रहे निरंतर अभियान को सफल बनाने की कामना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और कहा की आज के इस बदलते परिवेश में जहां कोई एक पैसा खर्च करना नहीं चाहता वही मिशन हरियाली द्वारा निरंतर प्रत्येक माह पौधरोपण किया जा रहा है। यह अत्यंत सराहनीय कार्य है निश्चित ही इसकी प्रेरणा से एक दिन क्रांति का रूप लेगी और आसपास के पर्यावरण को हरा भरा बनाने में मिशन हरियाली की अहम भूमिका मानी जाएगी!मिशन हरियाली द्वारा निरंतर जन्मदिन के शुभ अवसर पर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर हरियाली उपहार गिफ्ट करने का कर्म निरंतर जारी है। विद्यालय के प्रबंधक के पौत्र शशांक वर्मा का जन्मदिन था इस अवसर पर मिशन हरियाली टीम द्वारा शशांक को हरियाली उपहार गिफ्ट कर बधाइयां दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संरक्षक मुनेश्वर बॉक्स वर्मा, विष्णु कुमार वर्मा अजीत कुमार शशांक वर्मा, मोहित कुमार, कौशल कुमार, श्रीवास्तव विशेष कुमार श्रीवास्तव, राजलक्ष्मी, सोनालिका अवस्थी, नेहा गुप्ता आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्तिकी मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन में रेलवे लाइन पर शौच करने गये व्यक्ति की ट्रेन के चपेट मे आने से जख्मी हो गया उसके सगे संमधि द्वारा गंभीर हालत मे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो मृतक युवक बाराबंकी जनपद का बताया गया है वह सलखन मे अपने साले के यहा तेरही भोज कार्यक्रम मे आया हुआ था। मिला जानकारी के अनुसार रंजीत (40) पुत्र सियाराम निवासी रामसनेही घाट सीकरी जेवल जनपद बाराबंकी, अपने रिश्तेदारो के घर से कुछ दुर पर शौच के लिए घर से निकला था वापस लौटा नही लौटा खोजबीन होनी चालू हो गयी कुछ समय बाद उनके रिश्तेदारो को पता चला कि ट्रेन मे आ जाने गंभीर रूप से जख्मी हो गया आनन–फानन मे उनके रिश्तेदारो द्वारा जिला अस्पताल ले गया जहाँ जिला अस्पताल में चिकित्सको ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

# रफी को याद कर बॉलीवुड अभिनेता फिरोज खान उर्फ अर्जुन की आंखे हुई नम

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। हिंदी फिल्म जगत के महान गायक मोहम्मद रफी





को याद कर बॉलीवुड अभिनेता फिरोज खान की आंखे हुई नम आप को बताते चले कि अपने किसी निजी काम से लखनऊ आए थे। इस दौरान पत्रकारों से बात चीत कर अभिनेता फिरोज खान ने कहा की अपनी आवाज से लोगों के दिलों में राज करने वाले संगीतकार मोहम्मद रफी जी आज भी हमारे दिलों में बसे है। आप को बताते चले कि फिरोज खान ने महाभारत में अर्जुन का अहम किरदार निभाया था। लोगों ने इन्हे अर्जुन का नाम दिया। करन अर्जुन, जिगर, खोटे सिक्के जैसी सुपर हिट फिल्मों में काम कर लोगों के दिलों में राज कर रहे है।इन्होंने लगभग 300 फिल्मों में अपना किरदार निभाया। इस मौके पर विश्व मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मेराज अंसारी, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बाराबंकी जिलाध्यक्ष उबैद अंसारी, जिला महासचिव दानिश अंसारी, जिला सचिव मो. शहीर, तहसील उपाध्यक्ष महेश चक्रवती मौजूद रहे।


# बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# भाजपा मण्डल कार्यसमिति का बैठक हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव की




तैयारिया हुई तेज कल मंगलवार को शिव मंदिर में भाजपा द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक किया गया जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव रहे वही जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी को जिताया जाय और नगर पंचायत चुनाव प्रभारी मनोज मौर्य, रामदरश त्रिपाठी, जिला मंत्री बिंदु मती मिश्रा, हेमंत जायसवाल, सुनील जायसवाल, मनीष अग्रहरी, गुड्डू अग्रहरी, समीर, जगदीश जायसवाल, दर्पण, सत्यप्रकाश वर्मा, सोमनाथ मिश्र, राजनाथ सिंह, सचिदानंद चौबे, रामेश्वर पांडेय, सरोज शुक्ला, बृजनारायण सिंह आदि लोग रहे मौजूद।

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता 19 अक्टूबर से

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विद्या भारती गोरक्ष प्रांत द्वारा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता 19 अक्टूबर 2022 से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर 2022 को संपन्न होगी। जिसमे 10 बलिया, मऊ, आर्यमगढ़, देवरिया कुशीनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, गोरखपुर सिद्धार्थनगर महाराजगंज के 750 छात्र–छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। उक्त आशय की जानकारी समारोह के सर्व व्यवस्था प्रमुख व विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने दी।

# दो राजस्व ग्रामों के बीच सीमा विवाद निपटाने हेतु सीमांकन कराने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद बाढ़ की विभीषिका से जहां बुरी तरह परेशान है वही समाज के कुछ लोग ऐसे समय में भी अपने आदतों से बाज नहीं आते अपने स्वार्थों के लिए किसी हद तक चले जाते हैं जनपद के बलरामपुर तहसील के ग्राम गनेशपुर कोड़री मे ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला जहां एक नाले व उसके आस पास बाढ़ के पानी में मछली मारने को लेकर कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए साटे ग्राम गनेशपुर के लोगों को मछली मारने से न केवल मना कर दिया बल्कि आमादा फौजदारी हो गए जिसे लेकर ग्राम गनेशपुर कोड़री के लोगों ने ग्राम प्रधान के माध्यम से उक्त नाले के आसपास की जमीनों का सीमांकन कर अपने ग्राम पंचायत के जमीन में शिकार कराने की मांग स्थानीय प्रशासन से की है इस संदर्भ में एक प्रार्थना पत्र उपजिला अधिकारी बलरामपुर को भी ग्राम वासियों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र दिया गया है अगर स्थानीय प्रशासन ने मामले में तत्परता नहीं दिखाई तो दो गांव के बीच मछली निकालने को लेकर कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

# ग्लिटर बनाएगा आपके मेकअप लुक को और भी बेहतरीन, लगाते समय रखें इन बातों का ख्याल

महिलाओं के बीच मेकअप का काफी ज्यादा क्रेज रहता है। अपने लुक को खास बनाने के लिए महिलाएं तरह–तरह के मेकअप करना पसंद करती हैं। महिलाएं हर संभव प्रयास करती हैं कि उनका मेकअप उनके लुक को बेहतर बनाने में मदद करें और इसके लिए आजकल ग्लिटर का इस्तेमाल करना काफी ट्रेन्ड में हैं। ग्लिटर मेकअप आंखों के साथ–साथ चेहरे की सुंदरता में भी चार चांद लगा देता है। लेकिन जरूरी हैं कि यह जाना जाए कि इसका सही इस्तेमाल कैसे किया जाए ताकि आपको परफेक्ट लुक मिल सकें। सही जानकारी होने से ही आप बेहतरीन लुक पा सकेंगी। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेकअप के दौरान किस तरह ग्लिटर का सही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

ग्लिटर चाहिए भी या नहीं: ज्यादातर समय जब जब लोग ग्लिटर यूज कर रहे होते हैं, तो वो स्पार्कली लुक पाने की चाहत रखते हैं। लेकिन अगर ग्लिटर को सही, एकसार न लगाया जाए तो ये शाइनी तो दिखते हैं, लेकिन वैसा कमाल नहीं कर पाते जैसा इन्हें करना चाहिए। इससे अधिक शाइन मेटैलिक आईशैडो यूज करने से मिल जाता है।

ग्लिटर का चुनाव: अगर आप थीम पार्टी में जा रही हैं तो आई मेकअप के लिए ग्लिटर चुनते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होगा। जैसे– आपकी ड्रेस का कलर क्या है? आईशैडो के कुछ कलर यूनिवर्सल होते हैं। जैसे– ब्लैक, व्हाइट, सिल्वर या गोल्डन। इन्हें आप लगभग हर एक ड्रेस के साथ लगा सकती हैं। यूं तो ग्लिटर आई मेकअप को इवनिंग या नाइट लुक में कैरी करना अच्छा माना जाता है। लेकिन अगर आप पहले से ग्लिटर आउटफिट कैरी कर रही हैं, तो ऐसे में आप ग्लिटर आई मेकअप करना अवॉयड करें। ऐसा करने से आपके लुक में ग्लिटर ओवर हो जाता है और इससे आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है। हालांकि, अगर आपने अपने आउटफिट में सिर्फ ग्लिटर टच दिया है तो ग्लिटर आई मेकअप किया जा सकता है।

सीधे ना लगाएं ग्लिटर

अगर आप ग्लिटर आई मेकअप कर रही हैं तो आपको इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी ग्लिटर को सीधे आइज पर ना लगाएं। इससे पहले आई प्राइमर या फाउंडेशन लगाना आवश्यक होता है। साथ ही आप ग्लिटर से मैचिंग शेड के आईशैडो को आइलिड पर अवश्य अप्लाई करें। हालांकि, आईशैडो



कलर को लेकर आप थोड़ी एक्सपेरिमेंटल भी हो सकती हैं।

यूज करें ग्लिटर बेसः ग्लिटर को आंख पर सही तरह से लगाए रखने के लिए नॉर्मल आई प्राइमर की जगह ग्लिटर के लिए आने वाले खास बेस यूज करें। ग्लिटर बेस या ग्लिटर ग्लू, ग्लिटर को इधर–उधर फेस पर गिरने नहीं देते हैं और इससे फेस ज्यादा क्लीन दिखता है। अगल–अलग ग्लिटर बेस को यूज करने का तरीका भी अलग होता है। कुछ में ग्लिटर ग्लू को स्किन पर लगाकर ग्लिटर लगाया जाता है, जबकि कुछ में पहले ब्रश में ग्लू लगाते हैं और फिर इस ब्रश को ग्लिटर में डिप करते हैं और फिर इसे आईलिड पर लगाया जाता है।

ग्लिटर ग्लू लगाना ना भूलेंः यह एक बेहद महत्वपूर्ण प्वाइंट है, जिसे अक्सर महिलाएं स्किप कर देती हैं, जिसके कारण उनका ग्लिटर कुछ ही समय के बाद डस्ट ऑफ हो जाता है। दरअसल, ग्लिटर को जब अप्लाई किया जाता है, उस समय तो वह बेहद अच्छा लगता है। लेकिन कुछ ही वक्त बाद वह धीरे–धीरे हटने लगता है। लेकिन आपके साथ ऐसा ना हो, इसलिए आइलिड पर ग्लिटर लगाने से पहले ग्लिटर ग्लू को अवश्य लगाएं। यह आंखों पर ग्लिटर को लॉन्ग लास्टिंग बनाने में मदद करता है।

ऐसे करें अप्लाई

ग्लिटर को किसी नॉर्मल आईशैडो की तरह आंखों पर लगाने की कोशिश न करें। इससे ग्लिटर मूव होता जाएगा और पैच बन जाएंगे । ग्लिटर को हमेशा आईलिड पर पैट करके प्रेस करें। इसके लिए ग्लिटर ग्लू के ऊपर सूखी उंगलियों से ग्लिटर लगाएं। एक बार पैट करें फिर ग्लिटर लें और फिर पैट करें, इस तरह से पूरी आईलिड पर ग्लिटर लगाएं।

ना करें ग्लिटर को मिक्स करने की गलतीः दो रंगों के ग्लिटर को मिक्स करके अपने आउटफिट से मैच कराने जैसी गलती न करें। दो रंग के ग्लिटर बहुत मेसी लुक देते हैं और इन्हें यूनिफॉर्म तरीके से लगाना भी मुश्किल होता है। ग्लिटर तभी मिक्स करें जब दोनों ग्लिटर के कलर्स काफी हद तक सेम हो। वैसलीन या जेल का करें इस्तेमालः आई मेकअप में ग्लिटर आईशैडो लगाने से पहले अपनी लैश लाइन पर जेल या वैसलीन लगाएं। ऐसा करने से मेकअप ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा और लंबे समय तक टिकेगा भी। इस तरीके से आई मेकअप में परफेक्शन भी लाया जा सकता है।

## अगर सही वाइब नहीं मिलती है, तो उन्हें अपने जीवन से काट दें: प्रणिता सुभाष

अभिनेत्री प्रणिता ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सुझाव दिया है कि वे या तो एक कदम पीछे हट जाएं या उन लोगों से पूरी तरह अलग हो जाएं, जिनसे उन्हें सही वाइब्स नहीं मिलती।



हाल ही में इंस्टाग्राम पर, अभिनेत्री ने कहा, यह विशेष रूप से प्रसवोत्तर मांओ के लिए है क्योंकि यह एक बहुत ही भावनात्मक और संवेदनशील चरण है जिसे कोई भी नहीं समझ पाएगा। अपने व्यक्तिगत अनुभव से, उन्होंने कहां, मैंने लोगों को खुश करने की कोशिश करने की गलती की है और यह कभी–कभी उलटा भी पड़ता है। एक सलाह मैं नए मां को दे सकती हूं या वास्तव में, कोई भी .. यदि आप को किसी से सही वाइब नहीं मिल रही है, सुनिश्चित करें कि आपने उन्हें अपने जीवन से काट दिया है या आप एक कदम पीछे हट जाएं। यह कठिन होगा। कई बार लोग सोचते हैं कि क्या मैं उनसे बच रही थी। लेकिन अगर यह आपको खुश करता है, तो इसे करें। आप किसी के साथ बाहर घूमने के लिए बाध्य नहीं हैं। मेरे पति भी बहुत खुश हैं इस तरह की चीजों के माध्यम से मेरा बहुत समर्थन किया गया है।






## हाउसफुल 5 में दिखेंगे अक्षय और जॉन अब्राहम समेत कई बड़े अभिनेता




काफी समय से हाउसफुल 5 बनने की चर्चा चल रही है। खबरों की मानें तो फिल्ममेकर साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म की प्लॉट फाइनल कर ली है। वह फिल्म के लिए पांच अभिनेताओं की तलाश में जुटे थे। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म में एक बार फिर अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और बॉबी देओल नजर आ सकते हैं। इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हाउसफुल 5 के लिए अक्षय, जॉन, अभिषेक, रितेश और बॉबी साथ आ रहे हैं। साजिद की योजना हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पूरी स्टारकास्ट को पांचवीं फिल्म में एक साथ लाने की है। एक सूत्र ने कहा, वह एक ऐसे प्लॉट को बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो सभी कैरेक्टर्स की उपस्थिति को सही ठहराए। उन्होंने अपने प्लॉट को फाइनल कर लिया है। वह कहानी और स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। खबरों की मानें तो साजिद हाउसफुल 5 की स्क्रिप्ट में व्यक्तिगत रूप में अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी होने के बाद निर्देशक की कास्टिंग की जाएगी। फिल्म की शूटिंग अगले साल के अंत में शुरू हो सकती है। कहा जा रहा है कि इन पांच अभिनेताओं के अलावा इस फ्रेंचाइजी की हिरोइनों को भी इस फिल्म में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जलवा रहा है। अक्षय से लेकर दीपिका पादुकोण, चंकी पांडे, रितेश देशमुख, बॉबी, दिवंगत जिया खान, बोमन ईरानी और जैकलीन फर्नांडिस जैसे सितारे इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। हाउसफुल और हाउसफुल 2 का निर्देशन साजिद खान ने किया था। हाउसफुल 3 का निर्देशन फरहाद सामजी और साजिद ने मिलकर किया था। हाउसफुल 4 को फिल्ममेकर फरहाद ने निर्देशित किया था। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2010 में आई थी। इसकी दूसरी किस्त 2012 में रिलीज हुई थी, जबकि हाउसफुल 3 2016 में सिनेमाघरों में आई थी। इसकी चौथी किस्त 2019 में दर्शकों के बीच आई थी। अक्षय की बात करें तो उनकी फिल्म राम सेतु 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वह गोरखा, सेल्फी और बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे। अय्यप्पनम कोशियुम की हिंदी रीमेक में जॉन दिखेंगे। अभिषेक घूमर और आर बाल्की की फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता रितेश के खाते से छत्रपति शिवाजी और विस्फोट जैसी फिल्में जुड़ी हुई हैं। बॉबी एनिमल और अपने 2 में मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

## ओटीटी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाएंगी सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, जिन्हें आखिरी बार स्ट्रीमिंग फिल्म अतरंगी रे में देखा गया था, एक और स्ट्रीमिंग फिल्म ऐ



वतन मेरे वतन में नजर आएंगी। फिल्म इसी महीने फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। यह खुलासा बॉलीवुड स्टार वरुण धवन ने किया, जो प्राइम वीडियो बीएई हैं। अपने हस्ताक्षर, अद्वितीय शैली में, वरुण ने खुलासा किया कि सारा अली खान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक काल्पनिक कहानी में एक बहादुर, शेर–दिल स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाएंगी। ऐ वतन मेरे वतन सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक थ्रिलर ड्रामा है। इसे दरब फारूकी और कन्नन अय्यर ने लिखा है।एक धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, फिल्म का निर्माण करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सोमेन मिश्रा सह–निर्माता के रूप में काम कर रहे हैं और अय्यर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। फिल्म को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

## पटाखों के धुएं से अगर जलने लगती है आंखें, इन घरेलू नुस्खों से मिलेगा आराम

आने वाले दिनों में दिवाली का त्यौहार हैं जिसे देशभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता हैं। जहां इस त्यौहार पर रोशनी और रौनक होती हैं वहीँ पटाखों की धूम भी होती हैं। पटाखें जलाना सभी पसंद करते हैं लेकिन इससे निकलने वाले धुंए की वजह से लोगों को सेहत से जुड़ी कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ता हैं, जिसमें से एक हैं आंखों की जलन। आंखें हमारे शरीर के सबसे नाजुक एवं संवेदनशील अंगों में से एक है, इसलिए इन पर किसी भी चीज का प्रभाव बहुत जल्दी पड़ता है। पटाखें के धुंए से आंखों में जलन या दर्द एक आम समस्या है, लेकिन इसपर ध्यान दिए जाने की जरूरत है, क्योंकि इसे नजरअंदाज करने पर आंखों की गंभीर समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खें बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आंखों की जलन में आराम मिलेगा। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

ठंडा पानीः आंखों में जलन और खुजली आदि समस्या होने पर ठंडे पानी से उन्हें धो लेना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आप एक बर्तन में ठंडा पानी लें और उससे आंखों को अच्छी तरह से धोए। इससे आंखों में जमा मिट्टी और धूल निकल जाती है। अगर आंखों में सूजन हो तो इसमें भी ठंडे पानी से आंखों को धोने पर फायदा होता है। इसके अलावा किसी कपड़े में बर्फ रख कर उससे आंखों को सेंक लें। ठंडे पानी में शहद मिला कर भी धोने से आंखों को काफी आराम मिलता है।

गुलाब जलः आंखों में जलन या दर्द होने पर आप गुलाब जल से अपनी आंखें धोएं और हो सके तो आंखों में गुलाब जल की एक बूंद भी डालें। इससे आपको दर्द से तुरंत राहत मिलेगी। वैसे सोने से पहले रोजाना आंखों में गुलाब जल की 1–2 बूंदें आंखों में डालने की सलाह दी जाती है।

कैस्टर ऑयलः आंखों से जुड़ी ज्यादातर परेशानियों को आप कैस्टर ऑयल के इस्तेमाल से दूर कर सकते हैं। रूई के एक



टुकड़े को कैस्टर ऑयल में डुबोकर हल्के हाथों से निचोड़ लें। इसके बाद इन्हें आंखों पर रखकर लेट जाएं। आप चाहें तो उंगलियों में कैस्टर ऑयल लगाकर हल्के हाथों से मसाज भी कर सकते हैं।

टी–बैग्सः आंखों में जलन के इलाज के लिए आप ग्रीन टी–बैग्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके उपयोग से पहले आप टी–बैग्स को फ्रिज में ठंडा कर लें और उसके बाद उसे अपनी आंखों पर रखें। इससे आपको आंखों की जलन की समस्या में राहत मिलेगी।

ठंडा दूधः ठंडे दूध से आंखें साफ करना भी एक कारगर उपाय है। दूध में मौजूद कई तत्व आंखों के संक्रमण और थकान को दूर करने में मददगार होते हैं। आप चाहें तो ठंडे दूध का पैच बना सकते हैं या फिर ठंडे दूध से आंखों पर मसाज कर सकते हैं।

खीराः खीरे की तासीर काफी ठंडी होती है और यही कारण है कि गर्मी के दिनों में लोग इसका खूब सेवन करते हैं। पर क्या आपको पता है कि खीरा आंखों की जलन की समस्या से छुटकारा दिलाने में भी लाभदायक है। दरअसल, खीरे का प्रभाव शीतल होता है, इसलिए आंखों की जलन में इससे राहत मिलती है। इसके लिए पहले आप खीरे को फ्रिज में रख कर ठंडा कर दें। फिर उसे काटकर उसके टुकड़े को आंखों पर कुछ देर के लिए लगाएं।

एलोवेराः आंखों की समस्या में एलोवेरा भी काफी फायदेमंद होता है। इससे जलन और सूजन में बहुत जल्दी राहत मिलती है। एक से दो चम्मच एलोवेरा जेल लेकर उसे एक कप ठंडे पानी में मिला दें। फिर इसमें कॉटन डुबो कर उसे आंखों पर रखें। दिन में दो से तीन बार यह उपाय करने से आंखों में जलन और सूजन की समस्या खत्म हो जाती है। आलू का रसः आलू का रस भी आंखों के लिए अच्छा होता है। जब भी आपको आंखों में दर्द या जलन की समस्या हो तो आलू के ताजे कटे हुए स्लाइस को आंखों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आलू का रस भी आंखों पर लगाया जा सकता है। इससे तुरंत राहत मिलेगी।